भीम प्रज्ञा अलर्ट

'समाज तब बदलता है जब सोच बदलती है, और सोच तब बदलती है जब हम सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए भी जीना सीख लेते हैं। '

दैनिक **भीम प्रज्ञा**

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-141 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 15 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00


## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार

Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## 'अहंकार की हवा और जीवन की ठोकरें '

जीवन के जटिल सत्य कई बार सरल उदाहरणों में छिपे होते हैं। एक साधारण फुटबॉल और बच्चों के खेल से जुड़ी यह छोटी-सी घटना हमें मनुष्य के स्वभाव और उसके संघर्षों का गहरा दर्शन कराती है। जब एक बालक ने संत से पूछा कि 'इस फुटबॉल ने ऐसा क्या कर्म किया है, जो इसे बार-बार लातें खानी पड़ती हैं? ', तो संत का उत्तर केवल उस बच्चे के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी था– 'यह इसके कर्म नहीं, बल्कि इसके भीतर भरी हवा है, जो इसे ठोकरें खाने पर मजबूर करती है।' यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

यह 'हवा' केवल फुटबॉल के भीतर की नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बसे उस अहंकार का प्रतीक है, जो उसे बार-बार जीवन में गिराता है। अहंकार वह अदृश्य तत्व है, जो व्यक्ति को स्वयं के भ्रम में इतना भर देता है कि वह न तो दूसरों को समझ पाता है और न ही स्वयं को सही दृष्टि से देख पाता है। आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में यह उदाहरण और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। आधुनिक जीवन में उपलब्धियों, पद, प्रतिष्ठा और ज्ञान के साथ-साथ अहंकार भी तेजी से बढ़ रहा है। व्यक्ति अपने 'मैं' में इतना उलझ जाता है कि वह संबंधों की गरिमा, संवाद की संवेदनशीलता और जीवन की सादगी को भूल जाता है। परिणामस्वरूप, वह बार-बार ठोकरें खाता है–कभी रिश्तों में, कभी समाज में और कभी अपने ही अंतर्मन में। अहंकार का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह व्यक्ति से उसका लचीलापन छीन लेता है। जैसे हवा से भरी फुटबॉल कठोर होकर हर ठोकर को सहती है, वैसे ही अहंकारी व्यक्ति भी हर आलोचना, हर असहमति और हर विपरीत परिस्थिति को झटका मानता है। वह झुकना नहीं जानता, और जो झुकना नहीं जानता, वह टूटना जरूर सीखता है।

इसके विपरीत, विनम्रता व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाती है। यह उसे जीवन की चुनौतियों के प्रति सहनशील बनाती है। विनम्र व्यक्ति परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बैठाना जानता है। वह हर अनुभव से सीखता है और हर आलोचना को आत्मविकास का अवसर मानता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में सदैव कहा गया– 'विद्या ददाति विनयं' अर्थात सच्चा ज्ञान वही है, जो मनुष्य में विनम्रता उत्पन्न करे, न कि अहंकार। आज जब हम शिक्षा और सफलता की बात करते हैं, तो अक्सर उसका मापदंड बाहरी उपलब्धियों से करते हैं। लेकिन वास्तविक शिक्षा वह है, जो व्यक्ति के भीतर नम्रता, सहिष्णुता और समझ विकसित करे। अगर शिक्षा केवल अहंकार को बढ़ा रही है, तो वह अधूरी है। समाज में बढ़ती असहिष्णुता, रिश्तों में दूरियाँ और संवाद की कमी–इन सबकी जड़ में कहीं न कहीं अहंकार ही है। हर व्यक्ति खुद को सही मानने की होड़ में लगा है, और यही प्रतिस्पर्धा टकराव को जन्म देती है। अगर हम इस 'हवा' को थोड़ा कम कर दें, तो शायद जीवन के कई संघर्ष अपने आप समाप्त हो जाएं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि अहंकार केवल बड़े पद या बड़ी उपलब्धियों से ही नहीं आता, बल्कि छोटी-छोटी बातों में भी यह पनपता है–जैसे अपनी बात को ही अंतिम मानना, दूसरों की राय को नजरअंदाज करना, या अपनी गलतियों को स्वीकार न करना। यही छोटे-छोटे अहंकार मिलकर व्यक्ति के व्यक्तित्व को कठोर बना देते हैं।

फुटबॉल का उदाहरण हमें यह सिखाता है कि जितना अधिक हम अपने भीतर 'हवा' भरेंगे, उतना ही जीवन हमें ठोकरों के माध्यम से खाली करने की कोशिश करेगा। यह प्रकृति का संतुलन है–जो झुकता नहीं, उसे झुकाया जाता है।

**अंततः**, यह हमारे हाथ में है कि हम अपने जीवन को फुटबॉल की तरह बनाना चाहते हैं या एक विनम्र और संतुलित व्यक्तित्व के रूप में ढालना चाहते हैं। अगर हम अपने भीतर से अहंकार को निकाल दें, तो जीवन की कठिनाइयाँ भी हमें उतना नहीं चोट पहुँचाएंगी। क्योंकि सच यही है–ठोकरें हमें गिराने के लिए नहीं, बल्कि हमारे भीतर भरी अनावश्यक 'हवा' को निकालने के लिए आती हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार:पायलट

### बीजेपी को हार का डर है,इसलिए पंचायत और निकाय चुनाव टाल रहे

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने महिला आरक्षण बिल पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। पायलट ने कानून व्यवस्था और पंचायत, निकाय चुनाव टालने के मुद्दे पर सरकार पर तंज कसा है।

**पायलट ने कहा-** सरकार को न कोर्ट की चिंता है, न जनता की। पंचायत चुनावों को अड़चन लगाकर टाला जा रहा है। नरेगा का काम भी लगभग समाप्त हो चुका है।प्रशासनिक अधिकारी जनता की भावनाओं और उनकी परेशानियों के प्रति चिंतित नहीं हैं। सरपंच, पार्षद, मेयर ये सब महत्वपूर्ण पद हैं, जिन्हें टाला जा रहा है क्योंकि भाजपा में हार का डर है। पायलट प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



### कांग्रेस पार्टी महिलाओं को आरक्षण देने के हक में

महिला आरक्षण पर पायलट ने कहा- कांग्रेस पार्टी महिलाओं को आरक्षण देने के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध है। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के समय सोनिया गांधी के नेतृत्व में महिला आरक्षण पर बिल बनाया था, वो बिल उस समय संसद में पास नहीं हो पाया था। बीजेपी ने उसका लोकसभा में विरोध किया था। आज वो बिल ला रहे हैं तो हम चाहते हैं महिलाओं को आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन उसकी आड़ में प्रक्रिया से खिलवाड़ न करें, जो परिसीमन आयोग बनने से पहले ही चर्चा हो रही है। अब पता नहीं, पार्लियामेंट में क्या बिल आएगा। अभी जानकारी किसी को नहीं है लेकिन एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस बिल पर चर्चा होनी चाहिए। इसके बाद संसद का सत्र होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को हक,अधिकार देने के लिए समर्पित है, हम चाहते हैं कि यह हो लेकिन नियम, प्र?क्रियाओं का पालन हो।

### राजधानी में कानून व्यवस्था का यह हाल है तो बाकी जिलों का क्या होगा?

**पायलट ने कहा-** अधिकारियों को न्यायपूर्ण कार्रवाई करने की छूट देनी होगी और राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करना होगा। जब राजनीतिक दखल होता है तो अधिकारी काम नहीं कर पाते। सदन में बहुत घोषणाएं होती हैं लेकिन वे धरातल पर नहीं उतर पाई है।

**पायलट ने कहा-** जनगणना होने जा रही है, उसके जल्द परिणाम आ जाएंगे,उसका इंतजार करना चाहिए। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की चर्चा हो सकती है, सब महिलाओं को आरक्षण मिले यह हम चाहते हैं।

पांच राज्यों में चुनाव को लेकर पायलट ने कहा- मैंने केरल में समय बिताया है, वहां बंपर वोटिंग हुई है जो बदलाव का संकेत है। असम में भी कांटे की टक्कर है और मुझे विश्वास है कि वहां कांग्रेस पार्टी बहुमत में आएगी। पूरे देश में लोग वर्तमान शासन से ऊब चुके हैं और अब बदलाव चाहते हैं।

### संविधान के केवल मत्था टेकते हैं, लेकिन काम उसके विपरीत

पायलट ने कहा- आज हमें प्रण लेना चाहिए विशेषकर उन लोगों को जो सरकारों में बैठे हैं कि क्या हम उस संविधान की रूपरेखा को पूरी तरह फॉलो कर रहे हैं? बहुत जगहों पर लोग संविधान को सिर्फ माथा टेकने का काम करते हैं, लेकिन जब काम उसके विपरीत होता है, तो बाबा साहब के सपनों को पूरा करने में हम कमी कर रहे होते हैं। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को सबसे पवित्र ग्रंथ माना है जो सबको साथ लेकर चलता है।

### संविधान के प्रावधानों का सरेआम मजाक उड़ाया जाता है

**पायलट ने कहा-** अंबेडकर साहब ने इस देश के लिए जो किया, वह शायद किसी व्यक्ति की ओर से देश को दिया गया सबसे बड़ा वरदान है। उस समय की विपरीत परिस्थितियों और समाज के हालातों के बावजूद, उन्होंने सालों की कड़ी मेहनत और अध्ययन से एक ऐसा संविधान बनाया जो आज भी प्रासंगिक है। आज मुझे लगता है कि इसकी ज्यादा जरूरत है क्योंकि कई बार हम देखते हैं कि संविधान की मूल भावना और उसके प्रावधानों का सरेआम मजाक उड़ाया जाता है और उसकी अवमानना की जाती है।

# कांग्रेस अपने गिरेबां में झांके: मंत्री झाबर सिंह खर्रा

### कहा- हमने वो समय भी देखा, जब 13 सालों तक नहीं हुए पंचायत चुनाव

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** प्रदेश में पंचायत-निकाय चुनाव में देरी पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक समय ऐसा भी था जब 13-13 सालों तक पंचायतीराज चुनाव नहीं होते थे, इसी तरह निकाय के चुनाव भी कई सालों तक नहीं होते थे और अब वही लोग सवाल उठा रहे हैं- यह स्थिति '100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' जैसी है। खर्रा ने कहा कि जिस दिन राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और राज्य चुनाव आयोग अपना काम पूरा कर देंगे, हम मैदान में उतर जाएंगे और परिणाम सबके सामने आ जाएगा। मुंगेरीलाल के हसीन सपने कोई भी देख सकता हैं, इसमें कहीं कोई संवैधानिक, सामाजिक और धार्मिक प्रतिबंध नहीं हैं।



### दो साल तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लटकाए रखा

मंत्री खर्रा ने कहा कि साल 2022 में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया था कि ओबीसी आयोग द्वारा सही आकड़े जारी होने के बाद भी पंचायत और निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। लेकिन कांग्रेस सरकार ने दो साल तक इस आदेश को लटकाए रखा, इस पर कोई काम नहीं किया। जब हमारी सरकार बनी तो हमने वन स्टेट वन इलेक्शन की अवधारणा पर आगे बढ़ना शुरू किया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट का आदेश हमारे संज्ञान में आया। जिसके बाद हमने ओबीसी आयोग का गठन किया।

### चुनाव कराने के लिए 6 महीने का समय मांगा

मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हमें हाईकोर्ट से पंचायत-निकाय चुनाव कराने के लिए 6 माह का समय मांगा हैं। हमने कोर्ट को बताया है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं दी हैं। इसी बीच एसआईआर शुरु हो गया। जिसकी रिपोर्ट नहीं आई हैं। वहीं अदालती आदेश के कारण राज्य चुनाव आयोग ने पुरानी मतदाता सूची के अनुसार ही मतदाता सूचियां बनाने का कार्यक्रम जारी कर दिया। ऐसे में अब एसआईआर के आंकड़े आने पर मतदाता सूची नए सिरे से बनानी होगी, जो सटीक मतदाता सूची होगी।


# सैन जयंती पर चांदीवाल परिवार का सराहनीय योगदान, मंदिर विकास हेतु एक लाख रुपए भेंट

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती के अवसर पर सैन समाज समिति लक्ष्मणगढ़ के मंत्री केशव की माताश्री श्रीमती सकु देवी चांदीवाल ने अपने पति स्व. मामचंद चांदीवाल की स्मृति में सैन मंदिर के विकास के लिए एक लाख रुपए की राशि भेंट की। चांदीवाल परिवार द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की समाज में सराहना की जा रही है यह योगदान मंदिर के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सैन समाज समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार सेन सहित सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने चांदीवाल परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस सहयोग को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि सैन जी महाराज व नारायणी माता से चांदीवाल परिवार के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# जाजोद में मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती



भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

अम्बेडकर विचार मंच जाजोद की ओर से मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत जाजोद के सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह रणवा ने की जबकि मुख्य अतिथि जहीर खान थे। संचालन रामनिवास बरवङ सेवानिवृत्त शिक्षक ने किया । कार्यक्रम में पूर्व सरपंच हरिप्रसाद बरवङ समिति के अध्यक्ष गिरधारीलाल भाटिया, कोषाध्यक्ष ललित राठी ,संगठन मंत्री विजेंद्र बरवङ संयोजक कमलेश बरवङ बजरंग लाल बरवङसुरेश कुमार सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत जाजोद ने अम्बेडकर विचार मंच जाजोद के लिए 1बीघा भूमि पंचायत चुनाव से पहले पहले कटवाने घोषणा की है। जिस समिति ने सरपंच का आभार जताया।

# नीले सैलाब में डूबा मंडावर: अंबेडकर जयंती पर उमड़ा जनसागर, सामाजिक एकता का विराट प्रदर्शन

### ललित बैरवा के करकमलों से बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा का शुभारंभ, शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को मंडावर कस्बा पूरी तरह नीले रंग में रंगा नजर आया। बैरवा समाज द्वारा आयोजित भव्य समारोह में हजारों लोगों की भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। पूरा क्षेत्र 'जय भीम' के नारों से गूंज उठा और शोभायात्रा जनसैलाब में बदल गई। अखिल भारतीय बैरवा महासभा के महवा ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र बैरवा और मंडावर समाज अध्यक्ष महेश कारोलिया ने बताया कि इस बार शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण फाइबर से निर्मित बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा रही। इस प्रतिमा का शुभारंभ समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि ललित बैरवा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत भूडा मोड़ स्थित प्रतिभा कैंपस स्कूल से हुई, जहां से मुख्य अतिथि महवा



विधायक राजेंद्र मीना और विशिष्ट अतिथि ललित बैरवा ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर निकली शोभायात्रा में युवा मोटरसाइकिलों पर 'जय भीम' के झंडे लहराते हुए आगे रहे, जबकि हजारों महिला-पुरुष और युवा पीछे-पीछे नारे लगाते हुए शामिल हुए। भूडा मोड़ से अंबेडकर खेल मैदान तक मार्ग में करीब दो दर्जन स्वागत द्वार सजाए गए। कई स्थानों पर जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक और व्यापारिक संगठनों द्वारा शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई। शोभायात्रा के दौरान महवा के पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला ने पुराने बस स्टैंड पर समाज के लोगों का साफा पहनाकर स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। इसके जवाब में समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें 21 मीटर लंबा साफा पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व सरपंच रामनिवास गोयल सहित अन्य संस्थाओं ने भी पुष्प वर्षा कर आयोजन को गरिमामय बनाया। अंत में शोभायात्रा अंबेडकर खेल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई, जहां मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा बाबा साहेब की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। समापन अवसर पर समाज के लोगों ने अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में उपप्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। मंडावर, महवा, बैजूपाड़ा, रैणी, लक्ष्मणगढ़, कठूमर और अलवर जिले के विभिन्न गांवों से आए समाजबंधुओं की भागीदारी ने इस आयोजन को केवल जयंती नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और जागरूकता के महापर्व में बदल दिया।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर नीमराना सहित क्षेत्रभर में आयोजन, निकली दो किलोमीटर लंबी भव्य शोभायात्रा

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को नीमराना, शाहजहांपुर, चौबारा, जाट बहरोड़, मोलावास सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नीमराना कस्बे में डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में करीब दो किलोमीटर लंबी आकर्षक शोभायात्रा एवं झांकी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भव्य झांकी नीमराना की प्राचीन बावड़ी के पास से प्रारंभ होकर अम्बेडकर पार्क तक पहुंची, जहां सर्व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि मुंडावर विधायक ललित यादव रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधान सविता यादव, पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल, समाजसेवी रविंद्र सिंह यादव, सामाजिक कार्यकर्ता कर्मपाल सिंह चौहान, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी, राष्ट्रीय बहुजन सामाजिक परिसंघ के प्रदेश सचिव महावीर प्रसाद चर्खिया, शिक्षाविद् मातादीन गुरुजी,



नव चयनित आईएएस हिमांशु निभोरिया, शिक्षाविद गिर्राज मास्टर, धनराज चावंडी एवं आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र सिंह सामरिया सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक ललित यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में कठिन संघर्ष कर शिक्षा प्राप्त की और समाज को समानता, न्याय एवं संविधान का अमूल्य उपहार दिया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो' आज भी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है तथा सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इसी क्रम में शाहजहांपुर स्थित अम्बेडकर विकास समिति द्वारा जयंती समारोह के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं चौबारा, जाट बहरोड़ एवं मोलावास सहित अन्य स्थानों पर भी बाबा साहेब की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट अशोक पनवाल, देवानंद मोरोडिया, नोतराम मास्टर, अशोक मास्टर, महेंद्र ठेकेदार, बाबूलाल पीटीआई, मनोज खींची, सुमेर सामरिया, अशोक निभोरिया, राजू पंच, राजेश मेघवाल, बाबूलाल चर्खिया, सुरेश रेवाड़िया सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहें।



# गर्भ में शिशु का वजन कितना होना चाहिए? जानें कैसे बढ़ाएं भ्रूण का वजन

गर्भावस्था के दौरान शिशु का सही वजन उसके स्वस्थ विकास का अहम संकेत माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर जन्म के समय बच्चे का वजन कम होता है, जीवनशैली और नियमित जांच पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है।

## हफ्तों के अनुसार भ्रूण का सामान्य वजन

डॉक्टरों के मुताबिक, गर्भ में शिशु का वजन हर हफ्ते बढ़ता है। 20वें हफ्ते तक शिशु का वजन करीब 300 ग्राम होता है

28वें हफ्ते तक लगभग 1 किलो 32वें हफ्ते तक करीब 1.7 किलो 40वें हफ्ते (डिलीवरी के समय) लगभग 3 से 3.5 किलो

हालांकि, यह वजन हर महिला के अनुसार थोड़ा अलग हो सकता है।

## कैसे पता चलता है शिशु का वजन?

भ्रूण का वजन जानने के लिए डॉक्टर अल्ट्रासाउंड टेस्ट करते हैं। इसमें सिर, पेट और हड्डियों के माप के आधार पर शिशु के विकास और वजन का अनुमान लगाया जाता है।

## वजन बढ़ाने के लिए क्या करें?

अगर रिपोर्ट में शिशु का वजन कम आता है, तो डॉक्टर ये उपाय अपनाने की सलाह देते हैं

संतुलित और पौष्टिक आहार लें

दाल, दूध, अंडा, हरी सब्जियां और फल शामिल करें।

# 'ऋ' अक्षर से शुरू होने वाले लड़कियों के 20 खूबसूरत और यूनिक नाम, जानें इनके अर्थ



बेटी के लिए नाम चुनना हर माता-पिता के लिए खास पल होता है। आजकल पेरेंट्स बेटी के लिए यूनिक और संस्कृति से जुड़ा नाम चुनना पसंद करते हैं। अगर आप भी बेटी के लिए मॉडर्न नाम खोज रहे हैं, तो हम आपके साथ ऋ अक्षर से कुछ नामों की लिस्ट शेयर कर रहे हैं।

बेटी का नाम रखना हर पेरेंट्स के लिए खास और खूबसूरत पल होता है। हर माता-पिता अपनी बेटी के लिए पहले से ही कई नाम सोच लेते हैं और हमेशा ये सोचते हैं कि उसका नाम यूनिक और संस्कृति-ईश्वर से जुड़ा हुआ हो। अगर आप भी अपनी बेटी के लिए धार्मिक महत्व वाला नाम चुनना चाहते हैं, तो ऋ अक्षर से नाम चुनें। 'ऋ' से बनने वाले नाम न सिर्फ कम सुनने को मिलते हैं, बल्कि इनमें संस्कृत की मिठास और गहराई भी झलकती है। ये नाम सुनने में आकर्षक होने के साथ-साथ अपने खास अर्थों के कारण भी अलग पहचान रखते हैं। अगर आप अपनी बेटी के लिए एक प्यारा, सुंदर अर्थ वाला और यूनिक नाम खोज रहे हैं, तो यहां आपको 'ऋ' अक्षर से जुड़े कुछ बेहतरीन नामों की लिस्ट मिलने वाली है, जो आपके दिल को छू जाएंगे।

## ● ऋ अक्षर से 20 नामों की लिस्ट

1- ऋषभा- ऋषभा नाम का मतलब होता है मासूम, अबोध। अपनी बेटी के लिए आप ये नाम चुन सकते हैं।

2- ऋत्विका- ऋत्विका का अर्थ होता है साध्वी और सुंदर दिखने वाली। बेटी के लिए ये नाम भी अच्छा रहेगा।

3- ऋक्षिति- ऋक्षिति नाम का मतलब होता है, सुरक्षित और जिसपर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहे।

4- ऋतुरूप- प्रकृति सौंदर्य और गुणवान लड़की को आप ऋतुरूप नाम दे सकते हैं।

5- ऋषिका- ऋषिका नाम ऋषि से मिला है, जिसका अर्थ ज्ञानी और महान होता है।

7- ऋषिता- बेटी के लिए ऋषिता नाम चुन सकते हैं। इसका अर्थ होता है सर्वोत्तम और विश्वास करने वाला।

8- ऋपांशी- ऋपांशी नाम का मतलब होता है ईश्वर का अंश और शक्ति वाला इंसान।

9- ऋचिका- भगवान ब्रह्मा से प्रेरित ऋचिका नाम का अर्थ है, निर्माता और जो सभी की प्रशंसा करें।

10- ऋतिक्षा- ऋतिक्षा नाम का मतलब होता है, मौसम की रानी या मौसमी।

11- ऋषा- ऋषा नाम का मतलब हुआ हल्की, सॉफ्ट या कोमल दिखने वाली।

यूनिक बेबी नेम्स

12- ऋदिशा- बेटी के लिए ऋदिशा नाम चुनें, इसका अर्थ हुआ स्वतंत्र, सकारात्मक।

13- ऋद्धिमा- ऋद्धिमा नाम भी यूनिक और सुंदर है। इसका मतलब हुआ प्यारी, ज्ञान की देवी, मोती।

14- ऋध्वी- ऋध्वी नाम का अर्थ हुआ ईश्वर का तोहफा या सभी से अद्भुत।

15- ऋतु- ऋतु नाम भी लड़कियों के लिए बेस्ट रहेगा। इसका अर्थ हुआ मौसम, समय।

16- ऋतुशा- ऋतुशा का मतलब होता है मौसम के अनुसार, भिन्नता या सबसे अनोखा। ये नाम बेटी के लिए चुनें।

17- ऋचा- ऋचा नाम भी बेटी को दे सकते हैं। इसका मतलब हुआ भजन या कोई खास प्रतिभा।

18- ऋद्धिका- ऋद्धिका नाम भी बेटी के लिए चुन सकते हैं। इसका मतलब हुआ सफलता, प्रेम।

19- ऋतिशा- ये नाम बेटी के लिए परफेक्ट हो सकता है, इसका आर्थ होता है सच्चाई की देवी, सत्य।

20- ऋतिका- खुशहाल, सच्चाई से जुड़ा नाम ऋतिका भी बेटी के लिए चुन सकते हैं।

# गर्मी में नवजात बच्चों को बचाने के लिए अपनाए ये आसान टिप्स, असरदार है ये रामबाण उपाय

गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है. तापमान में निरंतर वृद्धि से बच्चों को शारीरिक रूप से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और मौसमी रोग. ऐसे में, विशेषज्ञों का मानना है कि अभिभावकों को बच्चों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए.

## बच्चों के खानपान पर ध्यान दें

बाल रोग विशेषज्ञ के अनुसार, गर्मी के इस मौसम में बच्चों की सेहत को सुरक्षित रखने के लिए खानपान से लेकर सफाई तक हर पहलू पर विशेष ध्यान देना जरूरी है. उन्होंने सलाह दी कि बच्चों को बासी खाना बिल्कुल न दें क्योंकि गर्मी में खाना जल्दी खराब हो जाता है, इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ सकता है. विशेष रूप से दूध को उबालकर ही दें, ताकि उसमें मौजूद संभावित हानिकारक जीवाणु नष्ट हो सकें.

## बच्चों में बढ़ रही समस्याएं

इस समय अस्पताल में बच्चों को लेकर आने वाले अभिभावकों की संख्या में इजाफा हुआ है. अधिकतर बच्चे पेट की समस्याएं, डिहाइड्रेशन और वायरल संक्रमण से पीड़ित पाए जा रहे हैं. इस स्थिति से बचने के लिए बच्चों को अधिक से अधिक पानी पिलाना



चाहिए और उनके खानपान में हल्का, सुपाच्य और ताजा भोजन ही शामिल करें. इसके अलावा, बच्चों को खुले में कटे फलों या बाहर की चीजों से दूर रखना चाहिए.

## बच्चों की सुरक्षा और इम्यूनिटी

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि बच्चों की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तुलना में कम होती है, इसलिए उन्हें संक्रमण से बचाना अभिभावकों की जिम्मेदारी है. बच्चों के पहनावे पर भी ध्यान दें. उन्हें ढीले, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनाएं ताकि शरीर को गर्मी से राहत मिल सके.

## गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें

गर्मी के इस मौसम में बच्चों की सुरक्षा के लिए थोड़ी सी सतर्कता बड़ा फर्क ला सकती है. स्वच्छता, सही आहार और भरपूर पानी जैसी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है. अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की सेहत और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं ताकि वे गर्मी के मौसम में सुरक्षित रह सकें.

# बच्चों को मेडिटेशन के लिए प्रेरित करना चाहिये



आज की हाईटेक और भाग-दौड़ भरी जिंदगी में बड़ों के साथ ही बच्चों के लिए भी आंतरिक शांति बहुत जरूरी हो जाती है क्योंकि बच्चे भी अब तनाव और व्यस्त जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं। बच्चे अपने अभिभावकों और जिस माहौल में रहते हैं, वहां की ऊर्जा ग्रहण करते हैं। इस कारण वह पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाते।

हम सभी अपने बच्चों को प्यार करते हैं और उनके लिए बेहतर करना चाहते हैं। इसलिए हमें उन्हें मेडिटेशन के लिए प्रेरित करना चाहिये। यह हमें मौजूदा समय में रहने की शिक्षा देता है, ताकि हम प्रयास करने के बेहतर प्रबंध के साथ अच्छे समय का आनंद उठा सकें। यह हमें हमारे सच्चे भाव के साथ जुड़े रहने में मदद करता है। ध्यान हमारी एकाग्रता और स्मरणशक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

इसलिए स्कूल, परिवार व आंतरिक दबाव की दुनिया में बच्चों को वयस्कों जितना ही मेडिटेशन की जरूरत है। मेडिटेशन बच्चों में ध्यान विकसित करने, उन्हें अपनी भावनाओं पर काबू रखने और यह सिखाने में कि कैसे अपने अंदर और बाहर ध्यान देना है, में मदद करता है। यह उनमें केंद्र का भाव उत्पन्न करता है।

बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार मेडिटेशन जैसे सोल रिवाइवल (आत्मा पुनरुद्धार) उन्हें एकाग्र करने में मदद करते हैं, ताकि वे अपने अध्ययन में अच्छी तरह ध्यान लगा सकें. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मेडिटेशन ने छात्रों के अकादमिक और खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन में सुधार लाने में मदद की है।

## फोकस होता है बेहतर

ध्यान बच्चों के दिमाग को शांत करता है, जिससे वे पढ़ाई, खेल या किसी भी काम में अधिक फोकस कर पाते हैं। यह उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाता है।

स्ट्रेस और एंग्जायटी में कमी

परीक्षा, प्रोजेक्ट या कॉम्पटीशन का प्रेशर बच्चों में स्ट्रेस पैदा करता है। ध्यान करने से मन शांत होता है और चिंता कम होती है, जिससे वे आत्मविश्वास से आगे बढ़ते हैं।

भावनाओं पर नियंत्रण

ध्यान बच्चों को अपनी भावनाओं को समझने और नियंत्रित करने की क्षमता देता है। इससे गुस्सा, रोना या चिड़चिड़ापन काफी कम हो जाता है।

## पॉजिटिव सोच का विकास

मेडिटेशन मन में पॉजिटिव एनर्जी भरता है, जिससे बच्चे आत्मविश्वासी बनते हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना मुस्कुराकर करते हैं।

क्रिएटिविटी बढ़ती है

जब मन शांत होता है, तो सोचने-समझने की क्षमता बढ़ती है। ध्यान बच्चों की कल्पनाशक्ति को जगाता है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ कला, संगीत और खेल में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

## नींद की गुणवत्ता में सुधार

ध्यान करने से मन का स्ट्रेस घटता है और बच्चे जल्दी सो पाते हैं। अच्छी और गहरी नींद उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है।

## सीखने की क्षमता में बढ़ोतरी

ध्यान मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाता है, जिससे याददाश्त मजबूत होती है और पढ़ाई में बेहतर रिजल्ट मिलते हैं।


# बच्चा बिस्तर गीला करता है तो ये उपाय करें

छोटी उम्र में बच्चे का दिन या रात में बिस्तर गीला करना आम बात मानी जाती है। लेकिन अगर बच्चा 7-8 साल का हो गया है और फिर भी नींद में पेशाब कर देता है, तो यह माता-पिता के लिए चिंता का विषय बन जाता है। अक्सर बच्चे इस वजह से शर्मिंदा भी महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास भी कम होने लगता है। ऐसे में घरेलू उपाय अपनाकर आज बच्चे की यह आदत धीरे-धीरे ठीक कर सकती हैं

यदि बच्चा रात में सोते समय बार-बार बिस्तर गीला करता है, तो खजूर का सेवन उसके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। खजूर में मौजूद पोषक तत्व मूत्राशय को मजबूत करने में मदद करते हैं और पेशाब पर नियंत्रण बढ़ाते हैं। सही तरीके से और नियमित रूप से खजूर देने से धीरे-धीरे बच्चे की नींद में पेशाब करने की आदत कम हो सकती है।

रात को सोने से पहले 2 से 3 खजूर दूध में हल्का पकाकर दें। खजूर को दूध के साथ ही खिलाएं। नियमित रूप से देने पर बच्चे की बिस्तर गीला करने की आदत में सुधार आने लगता है।

खजूर को कूटकर भुने हुए काले तिल के साथ लड्डू बना लें। यह लड्डू बच्चे को रोज या एक दिन छोड़कर दें।



तिल और गुड़ के लड्डू भी इस समस्या में लाभकारी माने जाते हैं। इनका सेवन करने से रात में बार-बार पेशाब आने की समस्या कम हो सकती है।

बच्चे के बिस्तर गीला करने के संभावित कारण

अगर बच्चा 7 साल से ज्यादा उम्र का है और फिर भी यह समस्या बनी हुई है, तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं।

# 10 साल से पहले बच्चों को सिखा दें ये 10 आदतें, बड़े होकर बनेंगे डिसिप्लिन

बच्चों की परवरिश और गुड हैबिट्स उन्हें बचपन से ही सिखाने की जरूरत होती है। जिससे कि बड़े होकर ना केवल वो फिजिकली हेल्दी रहे बल्कि मेंटली भी स्ट्रांग रहे। बच्चा अगर 10 साल का होने वाला है तो उसमे ये 10 आदतों को जरूर डेवलप कर देना चाहिए। जिससे बड़े होकर उस इन चीजों के फायदे मिले और वो अपने पैरेंट्स को थैंक्यू बोल सके। 10 साल का होने से पहले ही बच्चों में ये 10 आदतों को डेवलप कर देना चाहिए।

बच्चे को उत्साह से बोलना और रहना सिखाएं

पैरेंट्स डिसिप्लिन के नाम पर बच्चों की एनर्जी और कॉन्फिडेंस को दबा देते हैं। बच्चे को हमेशा हंसकर, उत्साह के साथ बोलना सिखाएं। ऐसा करने से उसके अंदर कॉन्फिडेंस डेवलप होगा। बच्चे को हमेशा खुश रहना सिखाएं। हर वक्त उदास रहना, किसी काम को करने का मन ना करना या चुपचाप रहना ऐसा करने से बच्चों को अंदर ना केवल निगेटिव एनर्जी दिखती है बल्कि उनमे कॉन्फिडेंस भी लूज होने लगता है। बच्चा जब 4-5 साल का होने लगे तभी उसमे ये हैबिट डेवलप करें।

## बच्चे को 'ना' सुनने की आदत डलवाएं

पैरेंट्स बच्चे की परवरिश और प्यार के नाम पर उसे किसी चीज के लिए ना नहीं बोलते। जिसकी वजह से बच्चा जिद्दी हो जाता है। बच्चे को ना सुनना सिखाएं। इससे वो ज्यादा मजबूत, समझदार और शांत बनेंगे।





बच्चे को आंख बंदकर थोड़ी देर बैठने की आदत डलवाएं

बच्चे चंचल होते हैं और उनमे बहुत सारी एनर्जी होती है। इस एनर्जी के जरिए उन्हें शांत, फोक्सड और ब्रेन को शार्प करना सिखा सकते हैं। हर दिन बच्चे को 10 सकेंड-20 सेकेंड आंख बंद कर शांत बैठने को बोलें। ऐसा करने से बचपन से ही उसमे आदत बनेगी जिससे वो आगे चलकर मेडिटेशन करना सीखेगा और ये आदत उसे मेंटली स्ट्रांग बनाएगी।

## खुद के कपड़े खुद धोने की आदत

बच्चा जब 7-8 साल का होने लगे तो उसे रोज पहनने वाले खुद के कपड़ों को खासतौर पर अंडरवियर को धुलवाने की प्रैक्टिस करवाएं। ये आदत बच्चे को आत्मनिर्भर और कॉन्फिडेंट दोनों बनाएगी।

थोड़ी देर बोर होने की आदत

बच्चे एक वक्त भी खाली नहीं बैठना चाहते। वो जैसे ही बोर होते हैं टीवी, मोबाइल, गेम खेलने लगते हैं। बच्चे को रोजाना दस-पंद्रह मिनट तक बोर होने दें। इससे बच्चों के दिमाग में कुछ क्रिएटिव चीजें आएंगी। कुछ समय खाली रहने से बच्चे क्रिएटिव बनेंगे।

## भगवान के सामने प्रार्थना करने की आदत

बच्चे को हर दिन नहाने के बाद 20 सेकेंड भगवान के आगे प्रार्थना करना सिखाएं।

### एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन चिड़ावा ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित

# सिल्वर जॉन ऑलम्पियाड़ में ऑल इंडिया रैंक -1 के साथ 85 गोल्ड मैडल प्राप्त कर रचा कीर्तिमान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

सिल्वर जोन इण्टरनेशनल ऑलंपियाड 2025-26 की ओर से जारी परिणाम में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के 140 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, विज्ञान , गणित, हिंदी , सोशल साइंस, जनरल नॉलेज, एस एस टी, इंटरनेशनल इन्फॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी व रीजनिंग विषय पर आधारित नेशनल ऑलंपियाड में गोल्ड व सिल्वर मेडल के साथ छात्रा पलक यादव पुत्री विनोद कुमार ने स्टेट मेरिट रैंक -1 व जोनल रैंक - 3 , शहनाज इस्पाक मोहम्मद को विज्ञान ओलम्पियाड में स्टेट रैंक -1 व 3800 रुपये का चैक व कोमल पुत्री सुभाष चंद ने जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में 100 प्रतिशत के साथ टॉपर रहकर शेखावाटी के इतिहास में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने की अपनी परम्परा को कायम रखा। इस उपलक्ष में एम डी. सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमेन सुनील कुमार डाँगी व समित डाँगी ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ की तत्पश्चात सिल्वर जॉन ऑलम्पियाड़ में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया।इस परीक्षा परिणाम में इंटरनेशनल हिंदी ऑलम्पियाड़ में उश्लेषा सैनी पुत्री सुभाष सैनी ,कृतिका वालिया व तमन्ना ने गोल्ड मैडल, कीर्ति राव व दिव्याक्षी ने सिल्वर तथा सिद्धि व लक्षिता ने ब्रांज मैडल , मैथ्स ऑलंपियाड में रितिका पुत्री रोहिताश सिंह,




पलक यादव पुत्री विनोद कुमार, याशु सोनी पुत्र बंशी लाल, आयुष पुत्र सुभाष व हेमन्त कुमार पुत्र श्री राजेश कुमार को गोल्ड मेडल, सुमित यादव पुत्र सुनील प्रकाश, पलक डांगी पुत्री सुरेंद्र सिंह, इशांत बूडानिया पुत्र प्रदीप कुमार व आस्था पूनिया पुत्री नरेन्द्र कुमार को सिल्वर मेडल तथा मयंक कुमार पुत्र अनिल कुमार हेनु सोलंकी पुत्री मुकेश चहल पुत्री पवन कुमार व सुहानी पुत्री रौनक हलवान ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इसी क्रम में इंग्लिश ऑलंपियाड में लक्ष्य चौधरी पुत्र मनोज कुमार , हिमांशु महला पुत्र रोहिताश्व महला, मानवी पुत्री प्रबोध चंद्र व देवांश पुत्र विजेंद्र सिंह ने गोल्ड मेडल व पलक पुत्री विनोद कुमार सृष्टि सिंह पुत्री दीपेंद्र सिंह व जिवितेश पुत्र सज्जन कुमार ने सिल्वर मेडल तथा आदित्य पायल पुत्र सुरेश पायल, तनीषा पुत्री रजनीश जांगिड़ व सुहानी पुत्री रौनक हलवान ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इसी क्रम में साइंस ऑलंपियाड में जहान खान पुत्र साजिद खान, एलेक्स पुत्र संदीप कुमार, शहनाज पुत्री इस्पाक मोहम्मद व रौनक ओला पुत्री महेश कुमार ने गोल्ड मेडल व अंकित पुत्र हरी सिंह, कनिष्का पुत्री विजेंद्र सिंह व रिया पुत्री महेन्द्र शर्मा ने सिल्वर मेडल तथा लक्ष्य जांगिड़ पुत्र महेन्द्र जांगिड़, निकिता पुत्री दिनेश कुमार, हेमंत पुत्र राजेश कुमार व मोक्ष ओला पुत्र दिनेश कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल , इसी क्रम में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी , रीजनिंग , इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी , इंटरनेशनल इन्फॉर्मेटिक्स , जनरल नॉलेज व सोशल स्टडीज विषय में टिंकू कोठरी , रौनक ओला, यमन जांगिड़, रीतिका, यश लाम्बा, मानवी , देवांश , दिव्यम डैला, मृदुल शर्मा , चिराग गोयल , रितिका , मोक्ष ओला, नीलेश सैनी अविक शर्मा, कोमल व लक्ष्मी ने गोल्ड मैडल, डिम्पी, दिव्यांशी भड़िया, निखिल, कपिल गुरावा, लक्की कुमावत, पारस शर्मा, मयंक कुमार, पुनीत लाम्बा , कनिष्का सिल्वर मैडल व चंचल , विनीत कुमार, हिमांशु बुगालिया, इशांत, जीवितेश , इशांत शाहनाज , जहन खान , मृदुल शर्मा, आयुष व हेमंत कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर एम.डी.सी.एल. चिड़ावा की फाउण्डेशन क्लासेज की गुणवता को प्रमाणित किया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमैन सुनिल कुमार डाँगी व समित डाँगी ने की। इन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन की महत्ता को स्पष्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रकट की । एम. डी.सी. एल. फाउण्डेशन क्लासेज का उद्देश्य आई.आई.टी. व नीट के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को नवीन शिक्षा पद्धति व नवाचारों का प्रयोग करते हुए डॉक्टर व इंजीनियर बनाना है। इस अवसर पर एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहें।

# नेविक अस्पताल के निदेशक की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशभर के निजी अस्पताल रहे बंद

### चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, डॉ. सोनदेव बंसल की बिना शर्त रिहाई और आरजीएचएस समस्याओं के समाधान की रखी मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) राजस्थान के आह्वान पर जयपुर स्थित नेविक अस्पताल के निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को राज्यभर में एक दिवसीय संपूर्ण चिकित्सा बंद रहा। इस दौरान निजी चिकित्सा संस्थान पूरी तरह बंद रहे और आरजीएचएस सेवाओं का संचालन भी स्थगित रहा जिससे हड़ताल पूर्णतः सफल रही। आईएमए का कहना है कि एक प्रतिष्ठित चिकित्सक के विरुद्ध लघु प्रक्रियात्मक त्रुटियों के आधार पर सीधे आपराधिक मामला दर्ज कर गिरफ्तारी करना अन्यायपूर्ण है और इससे डॉक्टरों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। आईएमए राजस्थान ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में डॉ. सोनदेव बंसल की तत्काल रिहाई, दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई और पुलिस विभाग को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। संगठन ने जोर देकर कहा है कि आरजीएचएस से संबंधित मामलों में कार्रवाई से पूर्व एक बाध्यकारी एसओपी लागू की जानी चाहिए। इसके अलावा चिकित्सकों ने






आरजीएचएस योजना में भुगतान में देरी, अनुचित पेनल्टी और क्लेम्स रिजेक्शन जैसी पुरानी समस्याओं के समाधान हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने और लंबित क्लेम्स का 30 दिन में निस्तारण करने की शर्त रखी है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा और सचिव डॉ. एन.के. अग्रवाल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक आरजीएचएस से संबंधित मुद्दों का संतोषजनक समाधान नहीं होता तब तक इन सेवाओं का स्थगन जारी रहेगा। यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो राज्यभर के चिकित्सा संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे। आईएमए ने नागरिकों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए कहा कि यह कदम चिकित्सा पेशे के सम्मान और सुरक्षा की रक्षा के लिए विवशता में उठाया गया है।

# राजस्व न्यायिक सेवा कैडर बनवाएंगे -सुशील शर्मा

### बार काउंसिल के सदस्य पद के लिए चुनाव 22 अप्रेल को, उम्मीदवार सुशील शर्मा ने झुंझुनूं में वकीलों से मांगा समर्थन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

बार काउंसिल आफ राजस्थान के 23 सदस्य पद के लिए चुनाव 22 अप्रेल को होंगे। चुनाव को लेकर प्रदेशभर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और प्रत्याशी अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सदस्य पद के उम्मीदवार सुशील शर्मा झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वकीलों के वेलफेयर से जुड़ी अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के



लिए बेहतर मेडिकल सुविधाएं और पेंशन व्यवस्था लागू करना, युवा अधिवक्ताओं के लिए राजस्व न्यायिक सेवा कैडर का गठन तथा हर ग्राम पंचायत में युवा वकीलों को लीगल एडवाइजर के रूप में स्टाइपेंड देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख योजनाओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि राजस्व न्यायिक सेवा कैडर बनेगा तो युवा अधिवक्ताओं को अधिकारी बनने का मौका मिलेगा। आजादी के बाद आज भी प्रशासनिक अधिकारी कानून की जानकारी के बगैर न्यायिक कार्य कर रहे है। जिससे पक्ष–विपक्ष और प्रशासन, तीनों को परेशानियां हो रही है। राजस्व न्यायिक सेवा का गठन होगा तो कानून के जानकार ही न्यायिक अधिकारी बनकर न्याय के सिद्धांत को धरातल पर लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बार काउंसिल द्वारा वकीलों के कल्याण पर जितनी राशि खर्च की जाती है। उतनी ही राशि सरकार से भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रदेशभर में 239 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां कुल 84 हजार 247 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। झुंझुनूं जिले में करीब 2600 वकील मतदान करेंगे। इस बार 23 सदस्य पदों के लिए 234 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें 57 महिला अधिवक्ता भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार पहली दफा पांच महिला सदस्यों का निर्वाचन सुनिश्चित किया जाएगा। चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के दौरे और संपर्क अभियान लगातार जारी हैं। जिससे पूरे प्रदेश में चुनावी माहौल बना हुआ है।

# पिलानी विधायक ने विभिन्न स्थानों पर अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों में लिया भाग, दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

पिलानी विधायक पितराम सिंह काला ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पिलानी में संत रविदास धर्म समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा चिड़ावा में मंडेला बायपास सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए रैली में सम्मिलित होकर बाबा साहेब को नमन किया। वहीं पारस नगर (किडवाना) में आयोजित जयंती कार्यक्रम में




भी शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस




अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने तथा सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

# सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर चिड़ावा में जश्न

### राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया के करीबी माने जा रहें हैं बिहार के नए सीएम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद झुंझुनूं जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे के कबूतरखाना बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया ने किया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जताई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान 'सम्राट चौधरी जिंदाबाद' के नारे भी लगाए गए। पवन मावंडिया ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। बताया जाता है कि सम्राट चौधरी और पवन मावंडिया के बीच लंबे समय से नजदीकी संबंध रहे हैं। इसी कारण झुंझुनूं जिले से भी उनका विशेष




जुड़ाव माना जाता है। सम्राट चौधरी के नाम की घोषणा के बाद जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की और इसे संगठन के लिए गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अमर सिंह तंवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश पाटन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुभाष स्वामी, पूर्व जिला मंत्री सुरेश जलिंद्रा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नंदलाल सैनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, भाजपा नेता डॉ. शंभू पंवार, पूर्व मंडल महामंत्री राकेश सर्राफ, मदन डारा, युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष अशोक शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार अडूका, असलम रंगरेज, राजू मराठा, मोहित तामड़ायत, सुभाष मावंडिया, सुशील डाबला, पार्षद गंगाधर सैनी, तेजसिंह चौहान,संटी चौहान, अनिल टेलर, राजू सैनी, मनीष थालौर, सुनिल छिपी, मनोज महरिया, पार्षद मनजीत, पवन महरानिया, अंकित वर्मा, मुंशी सिंह, धीरज पांडे, महावीर सिंह शेखावत, आरजू यादव, राहुल, अर्जुन नायक, रोहित चंदेलिया, तरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पवन मावंडिया झुंझुनूं जिले के एकमात्र ऐसे भाजपा नेता है। जिन्हें भजनलाल सरकार ने प्रदेश स्तरीय बड़ी जिम्मेदारी संवैधानिक रूप से दी हुई है। सीएम भजनलाल शर्मा से पवन मावंडिया की नजदीकियां जगजाहिर है। इसके अलावा हरियाणा के सीएम नवाब सैनी तथा यूपी के डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य भी मावंडिया के करीबियों में है। लेकिन अब बड़े नामों में बिहार के नए सीएम सम्राट चौधरी भी सामने आए है। जिनसे पवन मावंडिया की बेहद नजदीकियां है। लगातार बड़े नामों के साथ नजदीकियों के चलते राजनैतिक गलियारों में अब मावंडिया की बढती पॉलिटिकल पॉवर की खासी चर्चा है।

# चिड़ावा में अंबेडकर जयंती पर भव्य वाहन रैली, 80 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में डॉ. बी.आर. अंबेडकर आदर्श समाज संस्थान (ब्रास) के तत्वावधान में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मंड्रेला बायपास रोड स्थित अंबेडकर सर्किल से हुआ, जो गोशाला रोड होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरकर चीनी गोदाम के पास संपन्न हुई। रैली के समापन स्थल पर आयोजित जयंती समारोह में अतिथियों द्वारा 80 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। साथ ही आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के 20 विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्बोधन एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम ओमनाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश दहिया उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता रोहिताश मेहरानिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में फूलचंद मीणा, रोशन सोनी, विनोद सैनी एवं विजय गुरावा शामिल रहे। समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहरा एवं सचिव नाथूराम भगत सहित अनेक कार्यकर्ताओं मे एडवोकेट उमेद बरवड़, सुनील मेहरा, पवन, भूपेश, मंगेश भगत, बृजेश बुलानिया, महेश मेहरानिया, दयानंद मेहरानिया, कुलदीप भगत, दिनेश मेहरानिया, अरविंद भगत, महेश डाबला, नरेंद्र चंदेलिया, विजय व संजय बाडेटिया, ओमप्रकाश निर्मल ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन बृजेश बुलानिया एवं छात्रा निशा ने किया। इस अवसर पर अटल डांगी, विनोद गोदारा, रुक्मानंद, नितिन भगत, बाबूलाल सोलंकी, धर्मपाल गोरा, राजेंद्र लावा, सुमन इंद्रा, ओमप्रकाश जैदिया एवं दलीप बालान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026: शिक्षाविदों व समाजसेवियों का सम्मान, नवचयनित युवाओं का हुआ अभिनंदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

शेखावाटी अंचल में शिक्षा, समाजसेवा और परोपकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सोमवार को आयोजित भव्य समारोह में शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया यह आयोजन स्व. आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर स्टेशन मार्ग स्थित आनंद विला में संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह में लक्ष्मणगढ़ निवासी स्व. रामकृष्ण शर्मा (मरणोपरांत) को शिक्षा, कुमार लखोटिया को उद्योग, बनवारीलाल इंदौरिया को समाजसेवा तथा जगदीश प्रसाद तंवर को भामाशाह के रूप में सम्मानित किया गया सभी सम्मानित अतिथियों को शाल, साफा, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ से जुड़े



एक दर्जन से अधिक युवाओं के विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन पर उनका अभिनंदन किया गया इनमें रेलवे, बैंक, भारतीय वायुसेना, सीआरपीएफ, पटवारी, लोको पायलट सहित कई विभागों में चयनित युवा शामिल रहे ट्रस्ट की ओर से उन्हें माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए महापुरुषों जैसे महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करना जरूरी है।आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुमार गहलोत ने शिक्षा को समाज की उन्नति का मूल आधार बताते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज प्रगतिशील और विकसित बनता है।? कार्यक्रम का शुभारंभ संत ओमनाथ महाराज व महंत दिलीप दास महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि के साथ हुआ अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा शाल, साफा व पुष्पगुच्छ से किया गया। समारोह के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया जहां भामाशाहों व दानदाताओं ने दो कमरों सहित 11 लाख 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे अंत में मनोज राकसिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भंवर सिंह जाखड़ बने संस्थापन अधिकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

विभागीय पदोन्नति पाकर भंवरसिंह जाखड़ ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मंत्रालयक कर्मचारी केडर के सर्वोच्च पद संस्थापन अधिकारी के पद पर कार्य ग्रहण व कार्य भार सम्भाल कर स्टॉफ के साथ बैठक आयोजित कर अपनी सेवा के 39 साल के अनुभव शेयर करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।इस से पूर्व कार्याल स्टॉफ के कर्मचारियों द्वारा कार्य ग्रहण पर भवरसिंह जाखड़ का शानदार स्वागत



किया गया। इस मौके पर सीबीईओ विधाधर शर्मा व रिसोर्स पर्सन सरेश कुमार भास्कर ने साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। लेखाकार अनिल मील व श्रीराम मुंड ने गुलदस्ता भेंट किया। कार्यालय स्टॉफ द्वारा बुके प्रदान कर सह सम्मान कार्य ग्रहण करवाया।इस अवसर पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी परमेश्वर ढाका , वरिष्ठ सहायक कमलेश शर्मा,कंप्यूटर महेश सैनी, दिनेश सवामी, एमआईएस विकास झांकल, कनिष्ठ सहायक दीनदयाल शर्मा, सहायक कर्मचारी भंवरलाल स्वामी आदि उपस्थित थे।

# अंबेडकर-फुले जयंती पर झुंझुनूं में उमड़ा जनसैलाब, पांचवीं विशाल वाहन रैली ने दिया एकता का संदेश

## गांधी चौक से अंबेडकर पार्क तक निकली भव्य रैली, फूलों की बारिश से हुआ स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

सर्व समाज एकता मंच झुंझुनूं के बैनर तले भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर में पांचवीं विशाल





वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली ने पूरे शहर में सामाजिक एकता, समरसता और जागरूकता का संदेश दिया। मंच के संयोजक प्रदीप चन्देल ने बताया कि गांधी चौक से रैली को राजेश बजाड़,बसन्त वाल्मिकी,विजय नायक,सुभाष डिग्रवाल,डॉ.कमल मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में सैकड़ों वाहनों के साथ युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

### जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

रैली का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। खटीक समाज द्वारा फूलों की बारिश कर भव्य अभिनंदन किया गया, वहीं रैगर समाज ने भी गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की।

### नारों से गूंजा शहर, एकता का संदेश

रैली के दौरान 'जय भीम', 'महात्मा फुले अमर रहें' और सामाजिक समरसता के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं कई स्थानों पर महापुरुषों के विचारों को लेकर पोस्टर और बैनर भी आकर्षण का केंद्र बने। अम्बेडकर पार्क मे बाबा साहब का 135 का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया।

### सामाजिक समरसता का दिया संदेश

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि आने वाली पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके।

### बड़ी संख्या में रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक राजेन्द्र भाम्बू, मुरारी लाल सेनी,राजेन्द्र गुढा, सेनी माली समाज के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री, विक्की जाजोरिया,शम्भु दयाल नेहरा, विजय कुमार बबलू जी सारवान , राजेश आलडीया पवन ऑल इंडिया सुरेश बाकोलिया, प्यारेलाल बाकोलिया मनोहर बाकोलिया, पवन चावला पवन नेहरा ,दिलीप डिग्रवाल रवि खन्ना बाबूलाल चंदेल, हजारीलाल चंदेल, लक्ष्मण जेडीया, विजय चांवरिया जयप्रकाश जी जांगिड़ एडवोकेट बजरंग लाल कृष्ण नायक एडवोकेट धर्मपाल बंसीवाल ,सरोज बंसीवाल चुकी नायक ,ममता गर्वा, राहुल जाखड़ पंकज गुर्जर, पहलाद बाकोलिया, श्यामलाल जेदिया,इमरान झुन्झुनू,सतवीर बरबड सर्व समाज के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क पहुंचकर सम्पन्न हुई।

# सिंघाना में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती




**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सिंघाना कस्बे में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहें?। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी नोरग डांगी मौजूद रहे जबकि अध्यक्षता राधेश्याम पंवार ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोरग डांगी ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने देश को संविधान देकर हर व्यक्ति को मौलिक अधिकार प्रदान किए उन्होंने समाज में समानता स्थापित करने के लिए आजीवन संघर्ष किया आज प्रत्येक व्यक्ति संविधान के माध्यम से अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकता है और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकता है उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के प्रयासों से ही समाज के विभिन्न वर्गों में भाईचारे की भावना मजबूत हुई है। कार्यक्रम में राजेश मीणा, पिंटू भार्गव अध्यक्ष भार्गव समाज, नत्थू सिंह मीणा अध्यक्ष आदिवासी मीणा सेवा समिति, रॉकी रविंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, महिपाल महामंत्री, किशोरी लाल गोठवाल महामंत्री, हेतराम मीडिया प्रभारी, घीसाराम मीणा, आत्माराम नायक, किशन लाल फौजी, संपत लाल, गोकुल बडगूजर अध्यक्ष खटीक समाज, ताराचंद भार्गव, कृष्ण भार्गव, विक्रम वाल्मीकि, मदन कुमावत, इंद्राज पूर्व सरपंच माकड़ों, छोटू प्रधान गुर्जरवास, अनिल कुमावत, राजेंद्र कुमावत, सांवरमल शर्मा, ईदू खान, होशियार सिंह देवीपुरा, नरेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता का संदेश दिया गया।

# डॉ अम्बेडकर जयंती मनाई, किया प्रतिभाओं का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

स्थानीय डॉ अम्बेडकर भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की जयंती मनाई गई व प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

डॉ अम्बेडकर विचार मंच के जिलाध्यक्ष अर्जुनलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में सेवानिवृत तहसीलदार श्रवण कुमार दैंया मुख्य थे जबकि ओबीसी महासंघ राजस्थान के प्रदेश महासचिव बाबूलाल सैनी, एडवोकेट प्यारेलाल मीणा, शिक्षाविद् द्वारका प्रसाद खींची, सावित्री बाई आवार्डी निर्मला महरिया विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष हरफूल सिंह कसवाली, पूर्व तहसील अध्यक्ष अर्जुनलाल पटीर, रामप्रताप वर्मा, इंजीनियर संजेश मंडीवाल, मांगीलाल तिड़ोकी, सरपंच प्रतिनिधि रामचन्द्र बॉयल, एडवोकेट सज्जन हापास, प्रधानाचार्य नेमीचंद तंवर, लालूराम माधोपुरा, रामेश्वरलाल मंडीवाल मंचस्थ रहे। इस अवसर पर सर्व प्रथम मंचस्थ अतिथियों ने बाबा साहिब डॉ अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष भागीरथमल वर्मा ने दिया। समारोह स्वागत समिति के सुरेन्द्र भूमा, बाबुलाल तंवर, डॉ विमलेश रोहलण, भागीरथ तंवर व सदस्यों द्वारा भीम दुप्पटा ओढ़ाकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। जबकि शहीद रामावतार आलड़िया की वीरांगना मंजु आलड़िया का दुपट्टा, शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मान किया गया। आयोजित




कार्यक्रम में 61 सेवानिवृत सरकारी कार्मिक, प्रतीभावान बालक- बालिकाओं, नवनियुक्त सरकारी कार्मिक व राजपत्रित सेवा में पदोन्नत सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने सामाजिक सुधार ,महिला शिक्षा को बढ़ावा, राजनैतिक जागरुकता, सामाजिक नेतृत्व क्षमता कौशल का विकास को बढ़ावा देने व सामाजिक एकता पर बल देते हुए बाबा साहिब को याद किया। कार्यक्रम में आय-व्यव का ब्योरा रामचन्द्र बाजड़ोली ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन हरलाल सिंह महरिया ने किया तथा आभार व्यक्त गणेश चौहान ने किया। समारोह में तहसील व कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की 135वीं जयंती, छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दिल्ली।**

राजकीय सह-शिक्षा उच्च माध्यमिक विद्यालय, पंजाबी बस्ती नांगलोई में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम में विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रमुख सतीश कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के विचारों और उनके महान योगदान से अवगत कराया उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आधुनिक भारत के निर्माता हैं और देश का विकास उनके समता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों पर चलकर ही संभव है उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि आंबेडकरवादी विचारक एवं शिक्षाविद हवासिंह दिसोदिया ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के योगदान को विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक की स्थापना, महिलाओं के उत्थान, श्रमिकों के लिए आठ घंटे कार्य प्रणाली





और भारतीय संविधान निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य बाबा साहेब की देन हैं उन्होंने उनकी महत्वपूर्ण पुस्तकों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। वाणिज्य प्रवक्ता जगदीश ने बाबा साहेब के गोलमेज सम्मेलन में दिए गए विचारों पर प्रकाश डाला वहीं संस्कृत शिक्षक डॉ संजय शास्त्री ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन को विस्तार से बताया शारीरिक शिक्षक राजेश गहलोत ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे बाबा साहेब ने जातीय भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष करते हुए महानता हासिल की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां दीं और बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ द्वारा बाबा साहेब की छह फीट ऊंची तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई साथ ही विद्यालय के एक उद्यान का नाम 'डॉ भीमराव आंबेडकर उद्यान' रखकर उन्हें समर्पित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन और आयोजन श्री पीआर बलाई, श्री टिंकू कुलदीप और सुश्री सोनिया जसपाल द्वारा किया गया।

# बार एसोसिएशन टोहाना ने मनाई भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती

### बार एसोसिएशन टोहाना के प्रधान सुरेश गिल समैन ने बाबा साहब के विचारों का किया व्याख्यान

### पूर्व प्रधान सुरेश चावला ने पुष्प अर्पित कर मिठाई बांटकर एक-दूसरे को दी बधाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** टोहाना बार रूम में टोहाना बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भारत रत्न




डॉ भीमराव अम्बेडकर का जन्म उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर मनायाइस दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट सुरेश गिल समैन ने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ भीमराव अम्बेडकर के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारे संविधान में आज जो कुछ हमें मिला है उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है इस अवसर पर प्रधान सुरेश गिल,वरिष्ठ अधिवक्ता सतपाल सिंगला, सुभाष चन्द्र गर्ग, राज कुमार गर्ग,अमित वर्मा, सुमित वर्मा, पूर्व प्रधान सुरेश चावला, सह सचिव अंकित भालोठिया ललौदा, प्रवीण सुनेहा, राजेश डांगरा, राम भगत, महिला अधिवक्ता आरती रंगा, हरमीत, सुमित गिल , बलवान, रजत रंगा शामिल रहें।

# मण्डलाना में धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती, वक्ताओं ने संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने का किया आह्वान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर मिशन सोसाइटी, मण्डलाना के तत्वाधान में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की और बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में डॉ. गुलशन प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रोहतास द्वारा की गई और समारोह का सफल संचालन डॉ भीमराव अंबेडकर मिशन सोसाइटी के संयोजक एवं पूर्व चीफ मैनेजर मदनलाल डाडैया द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवानन्द डाडैया, डॉ महेश, इंजीनियर नरेश, समिति प्रधान चन्दन सिंह जालवान आदि ने शिरकत की और समाज के उत्थान में बाबा साहब के योगदान को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि



संपूर्ण मानवता के मसीहा थे। उन्होंने शिक्षित बनने, संगठित रहने और संघर्ष करने के मूल मंत्र को जीवन में उतारने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सुन्दर लाल उत्सुक, कबीर संस्था के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल, प्रधान कंवर सिंह और प्राचार्य महिपाल डाडैया आदि ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि संविधान ही हमारे अधिकारों का सबसे बड़ा रक्षा कवच है। सामाजिक समरसता और शिक्षा के बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।नौजवानों को बाबा साहब के संघर्षों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। मिशन सोसाइटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों और वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। अंत में सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रिजर्व बैंक के पूर्व प्रबंधक फूल सिंह महायच, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक जयपाल सिंह व शारदा देवी, प्रवक्ता गुलाब सिंह, पूर्व प्रवक्ता अमीचंद सैनी, सुमेर सिंह गोठवाल, हरिराम सिरोहा, सचिन, पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, सूबेदार विजय, जगराम कालिया, मास्टर रणधीर , डा. शिवराज सिंह ताज, ओमप्रकाश डाडैया, प्रहलाद सिंह डाडैया, भोला राम कलानिया, रामसिंह डाडैया, विक्रम सिंह डाडैया, अजय डाडैया योगेश डाडैया, राधेश्याम डाडैया, राजेन्द्र कालिया, विक्रम कलानिया, मनोज कलानिया, विरेन्द्र डाडैया, महेश डाडैया आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## गेहूं उठान में तेजी लाने के निर्देश, व्यवस्थाओं को सुचारू रखने पर जोर

# रबी खरीद सीजन 2026-27 में नई पारदर्शी व्यवस्था लागू, किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो: डीसी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** डीसी डा. विवेक भारती ने सभी खरीद एजेंसियों को गेहूं उठान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा है कि खरीदे गए गेहूं का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एजेंसियों को निर्देश दिए कि उठान के लिए लगाए गए वाहनों की वास्तविक संख्या का सही रिकॉर्ड रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की बाधा न आए। डीसी लघु सचिवालय के सभागार में गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों और विभिन्न खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने खरीद प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि रबी खरीद सीजन 2026-27 के दौरान खाद्यान्न खरीद प्रणाली में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। एंट्री गेट पास जारी करते समय वाहन नंबर और वाहन की फोटो दर्ज करना अब अनिवार्य किया गया है, जिसे सभी अधिकारी सख्ती से लागू करें। किसानों की सुविधा के लिए डीसी ने कहा कि स्वयं किसान या उसके द्वारा नामित तीन व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर सकता है। यदि अंगूठे के निशान का मिलान नहीं होता है, तो आईरिस (आंखों की पुतली) के माध्यम से प्रमाणीकरण




का विकल्प भी उपलब्ध है। खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी मंडियों और गोदामों को जियो-फेंसिंग के दायरे में लाया गया है। इससे अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगेगी और लोकेशन आधारित निगरानी और मजबूत होगी। साथ ही, गेहूं के उठान और परिवहन में लगे वाहनों की निगरानी जीपीएस के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा, डीसी ने सभी मंडियों में तैनात नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार मंडियों का दौरा करते रहें और व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। उन्होंने खरीद एजेंसियों के परचेज अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे समय पर मंडियों में पहुंचकर खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को इंतजार न करना पड़े और पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहें।

# सैन समाज तहसील बुहाना द्वारा सैन जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

सैन समाज तहसील बुहाना द्वारा सैन जयंती के अवसर पर रैबारी धर्मशाला, पचेरी रोड बुहाना में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआई बुहाना बिमला बुडानिया ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरधारी लाल सरपंच धुलवा, सुमित्रा सैन जिला आईटी सहसंयोजक चूरू तथा प्रीतम ढाणी पिढोला उपस्थित रहें। इस अवसर पर डॉ राजेन्द्र प्रसाद,



कुलदीप सैन, रोशन लाल पेंटर, संतोष कुमार, मोतीलाल सैन, श्योराम, प्रकाश, लीलाधर सैन, राजेन्द्र सैन, राजेश सैन, राजकुमार सैन, संजय सैन और अजय सैन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहें। रक्तदान शिविर के आयोजन में मुकेश सैन का विशेष सहयोग रहा वहीं गुरु मोबाइल एयरटेल डिस्ट्रिब्यूटर बुहाना का भी सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सैन मास्टर ने किया और उपस्थित जनसमुदाय को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। रक्तदान महादान है, इससे किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है और समाज में सेवा व सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है।

# बुहाना में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, भव्य रैली का हुआ आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

पचेरी रोड़ स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आमजन की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। जयंती समारोह से पूर्व कालवा रोड स्थित बीएसएनएल टावर के पास से बाबा साहेब की भव्य रथ यात्रा निकाली गई इस रैली में घोड़ियां, ऊंट, बाइक रैली, पैदल यात्रा और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही रैली को बुहाना के पूर्व सरपंच हरिप्रसाद रांगेय, सीबीओ वेद प्रकाश, पूर्व सरपंच रतन सिंह तंवर, रोहिताश सिंह तंवर, कर्मवीर यादव, सत्यवीर रांगेय, सुनील सिहोडिया, राजेश रांगेय, कृष्ण ठेकेदार, महिपाल रांगेय और संदीप रांगेय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भव्य रैली बीएसएनएल टावर से प्रारंभ होकर पचेरी मोड़ होते हुए पचेरी रोड स्थित नवनिर्मित डॉ. अंबेडकर भवन पहुंची जहां अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं और उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीबीओ वेद प्रकाश ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ सिंह तंवर उपस्थित रहे इस अवसर पर पूर्व सरपंच रतन सिंह तंवर, हरिप्रसाद रांगेय, युवा नेता रोहिताश सिंह तंवर, भारत सिंह बोहरा, गोरूराम चौरा, मुकेश रांगेय, रामस्वरूप सागवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चल कर ही हम आगे बढ़ सकते है- रमेश ठेकेदार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

जिले के गांव सुनदरोज में अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें विश्व का सबसे बड़ा संविधान दिया है। संविधान में सभी वर्गों और समुदाय को बराबर के अधिकार दिए गए हैं।

बाबा साहेब के आदर्श, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की भावना आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उनके समय में थीं। बाबा साहेब ने आज़ादी से पहले जो संघर्ष शुरू किया था, वह केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का एक व्यापक आंदोलन था। उन्होंने शिक्षा और कलम की शक्ति को सबसे बड़ा हथियार बताया, क्योंकि उनका मानना था कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सशक्त बन सकता है। आज उसी सोच का परिणाम है कि भारतीय संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और न्याय प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और वास्तविक नमन होगा। कार्यक्रम के संयोजक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मामराज बताया कि बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालने के लिए मशहूर युवा गायक कलाकार लक्की भाटिया ने अपने गीतों के माध्यम से शमा बांध दिया। लोगों को घंटों बैठने को मजबूर



कर दिया। इस मौके पर मेजर सत्यनारायण सामभरिया व भगतसिंह सामभरिया ने बाबा साहेब के जीवन पर अपने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर महिला सरपंच प्रवीण कुमारी,दशरथ चौहान, बलवान सिंह नमबरदार, रामनारायण ठेकेदार, तेजपाल, नवीन, राजकुमार, रामेश्वर,जनेश जाडरा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। इससे पहले रमेश ठेकेदार रेवाड़ी में गढ़ी बोलनी रोड स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया बाद गांव नन्द रामपुर बांस में अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहेब को याद किया। और भंडारे में शामिल हुए। इस मौके पर हीरा सिंह, मीर सिंह चांवरिया, खूब राम सरपंच, जगदीश प्रधान, सर्वण सिंह सचिव, गिरिराज नमबरदार, मास्टर भगवान सिंह,हवा सिंह बौद्ध,छोटे लाल,जन चेतना समिति व समस्त नंदराम पुर बांस ग्राम वासी उपस्थित थे।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर के 135 वी जयंती पर लुमास में रक्तदान शिविर आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** निकटवर्ती ग्राम लुमास का बास के संकट मोचन बालाजी धाम के पास स्थित स्कूल के शिवजी के मंदिर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांव के अशोक जांगिड़ ओर पवन कालेर के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समस्त ग्रामवासियों युवाओं ओर स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस पुनीत कार्य में 42यूनिट जीवन रक्षा बल्ड सेंटर द्वारा रक्त एकत्रित किया गया।जो समाज सेवा ओर मानवता के प्रति लोगों के जागरूकता को दर्शाता है। शिविर में रक्तदान देने वाले दाताओं को अशोक कुमार जागिड़ व पवन कालेर के द्वारा हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनिट प्रभारी रवि कुमार ने बताया रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है रक्तदान से नए ब्लड सेंस बनने लगते हैं हार्ट अटैक की संभावना कम होती है शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। इस शिविर में गांव की बेटी वंशिका कालेर ओर दीप्ति कालेर सगी बहनों ने भी अपना रक्त देकर समाज में मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि खून देना सबसे बड़ा धर्म होता है अपना जीवन ही दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए हुआ है इसलिए हमे रक्तदान आगे बढ़कर देना चाहिए। शिविर में विजेंद्र मेघवाल वाहिदपुरा की टीम अनुराग



मेघवाल सी एच ओ विजय रॉयल सुखराम रॉयल ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदान दिया। फूलचंद जागिड़ किशोर सिंह शेखावत, सुभाष झाझडिया, ओमप्रकाश दीप्ति कालेर, वंशिका कालेर झाझडिया, कमलेश गोदारा,विनोद सिंह शेखावत,मुकेश हुड्डा ,अनिल हुड्डा,सतीश बुगालिया, रमेश बिशु, अंकित हुड्डा ने रक्तदान किया। पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा लुमास ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में खून देने वाले दाताओं को यूनिट के द्वारा प्रमाण पत्र ओर हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने कहा कि महान व्यक्तियों के सम्मान में किया गया रक्तदान जरूरत मंद के लिए वरदान साबित होगा।

# परमहंस स्कूल चिड़ावा में मनाई गई अंबेडकर जयंती, बच्चों व स्टाफ ने दी प्रस्तुतियाँ



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शहर के मंड्रेला रोड़ स्थिति परमहंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निर्देशक विक्रम जांगिड़ एवं संस्था के सह-निदेशक मुकेश जांगिड़ ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने भाषण, कविता व लघु नाटिका के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को प्रस्तुत किया। संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में कहा, 'बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया है। हमें सामाजिक भेदभाव मिटाकर शिक्षा के बल पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।' सह-निदेशक मुकेश जांगिड़ ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों 'समता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व' को आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश पालावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# सूरजगढ़ में ऐतिहासिक अंबेडकर जयंती कार्यक्रम संपन्न, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## भामाशाहों व प्रतिभाशाली युवाओं का हुआ सम्मान, सौहार्द और भाईचारे का दिया संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ सूरजगढ़।**

भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती सूरजगढ़ कस्बे में ऐतिहासिक रूप से उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम रतनलाल चेतीवाल की अध्यक्षता एवं हिमाचल प्रदेश से पधारे आर.आर. बोकोलिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समिति सचिव राधेश्याम चिरानिया ने जानकारी



देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुजन समाज द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों से भव्य एवं शांतिपूर्ण संविधान एवं अंबेडकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के माध्यम से सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और समता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में आयुष्मति मंजीत सिंगल, विमला, राजेंद्र मावर, होशियार सिंह नायक, मोतीलाल डिग्रवाल, जीवन सिंह चांवरिया, जीवन सिंह, हरीश पंवार तथा गुजरात से पधारे महिपाल बरवड़ सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर समाज के 40 भामाशाहों, 35 छात्र-छात्राओं तथा गत एक वर्ष में सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का संदेश आज भी समाज को दिशा देने वाला है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, अनुशासन और सामाजिक एकता का वातावरण बना रहा। यह आयोजन न केवल एक जयंती समारोह रहा, बल्कि समाज में जागरूकता, शिक्षा और एकता को सुदृढ़ करने का प्रेरणादायक माध्यम भी बना।

# पुहानियाँ में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

अंबेडकर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेडकर भवन पुहानियाँ में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिलानी विधायक एवं शिक्षाविद पितराम काला उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नसीम अख्तर (यूनानी अस्पताल), बिल्लू सेठ सरपंच, मानसिंह सारण सरपंच भैसावता खुर्द, रामसिंह गुरुजी, भामाशाह धर्मपाल थानेदार, दलीप पंच, देवेंद्र खन्ना, फूलचंद मेजर, नंदलाल,




वीरभान, राजकुमार, संकेत, सोमदेव, धर्मेंद्र, वेद, परवीन, विकल्प सिंघल, दीपक सिंघल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। इस अवसर पर समस्त युवा एवं ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा स्थापित समानता, शिक्षा और अधिकारों के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

# सेन समाज ने निकाली भव्य कलश यात्रा, मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** सेन समाज के द्वारा बाबा गरवा मंदिर से बाबा शिव स्वरूप मंदिर तक भव्य कलश यात्रा और झांकी निकाली गई। इस दौरान समाज की बहन-बेटियों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धूमधाम से नाचते-गाते, झूमते हुए यात्रा संपन्न की। कलश यात्रा में समाज के प्रधान प्रकाश सेन, अध्यक्ष श्याम सुंदर सेन, नथु राम सेन, बाबूलाल सेन, पवन सेन सहित मुख्य अतिथि वीआईपी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल अमित जासैवाल और सोनी हॉस्पिटल नीमराना के डॉ. दीपक सेन सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग शामिल हुए। जगह-जगह ग्रामीणों ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रधान बलवान, बीजेपी नेता राकेश खंडेलवाल, पिंटू चौधरी, कर्मपाल चौहान, राजू चौधरी और विधायक ललित यादव ने भी यात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पानी, ज्यूस और ठंडा पिलाकर झांकी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड-2026 में कई हस्तियां सम्मानित



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**लक्ष्मणगढ़ ।** संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा सोमवार को आनंद विला में आयोजित समारोह में शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड- 2026 प्रदान किए गए। इस मौके पर
**शिक्षा क्षेत्रः** रामकृष्ण शर्मा (मरणोपरांत, लक्ष्मणगढ़)
**उद्योग क्षेत्रः** कुमार लखोटिया (दिल्ली)
**समाजसेवाः** बनवारी लाल इंदौरिया (जयपुर)
**भामाशाहः** जगदीश प्रसाद तंवर (जयपुर) को सम्मानित किया गया।
राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए। एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुमार गहलोत ने शिक्षा को विकास का आधार बताया। ट्रस्ट ने महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के 12 विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी नौकरियों (रेलवे, बैंक, सीआरपीएफ, वायुसेना, सेना, पटवारी, लोको पायलट आदि) में चयन पर भी सम्मानित किया। समारोह में छात्रावास निर्माण के लिए भामाशाहों ने 11 लाख 51 हजार रुपये देने की घोषणा की।इस अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा, उद्योग और दान के क्षेत्र में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया।

# संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वी सेन जयंती मनाई

**सेन समाज के लोगों ने कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली शोभायात्रा**

**किन्नर समाज के जिला अध्यक्ष सनम बाई किन्नर रही मुख्य अतिथि**

**सनम बाई किन्नर के साथ राधिका, स्वीटी व काजल का भी हुआ सम्मान**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर सिंह मीणा ।** कस्बे में स्थित सेन मंदिर में मंगलवार को सेन जयंती के अवसर पर सेन जी महाराज की 726 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई द्य सेन मंदिर में समाज के लोगों ने सेन जी महाराज की पूजा अर्चना के बाद मुख्य अतिथि सनम बाई किन्नर एवं उनके साथ आई हुई राधिका, स्वीटी व काजल का सम्मान किया गया द्य सेन समाज के लोगों ने किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष सनम बाई से आशीर्वाद भी लिया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश मावतवाल ने की द्य सांवरमल सेन मावता, महेंद्र सेन छापोली, शंकर लाल सेन धोलाखेड़ा, सांवरमल



सेन कोट, मुकेश सेन मंडावरा आदि विशिष्ट अतिथि रहे द्य सम्मान समारोह के बाद सेन समाज के लोगों ने सेन जी महाराज की शोभायात्रा निकाली जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस सेन मंदिर पहुंची द्य इस अवसर पर पत्रकारों का भी सम्मान किया गया द्य इस मौके पर सेन समाज के उपाध्यक्ष पप्पू सेन, महासचिव विक्रम सेन, सचिन मोहित सेन, महामंत्री सचिन सेन, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार सेन, संरक्षक रिछपाल सेन, अनिल सुनारीवाल, कैलाश मावतवाल, घासीलाल सेन ,ओम प्रकाश सेन इंद्रपुरा,सुरेश सेन ,नरेंद्र सेन,पवन कुमार सेन सहित सेन समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे द्य

# महवा विधानसभा क्षेत्र में गूंजा 'जय भीम' विधायक ने बाबा साहेब की जयंती कार्यक्रमों में की शिरकत

## दर्जनों स्थानों पर अंबेडकर जयंती के भव्य आयोजन, विकास कार्यों के साथ सामाजिक संकल्प का गूंजा संदेश '

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** 'जिस विचार में ताकत होती है, वही समय की सीमाएं लांघकर समाज को दिशा देता है '–भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर महवा विधानसभा क्षेत्र में कुछ ऐसा ही जीवंत दृश्य देखने को मिला, जब महवा, मंडावर, बैजूपाड़ा, रौतहड़िया सहित दर्जनों स्थानों पर रैलियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसभाओं के माध्यम से सामाजिक एकता और जागरूकता का विराट संदेश दिया गया। पूरे क्षेत्र में 'जय भीम' के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा और हर ओर बाबा साहब के प्रति अपार श्रद्धा उमड़ती नजर आई। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीना ने क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए बाबा साहब को नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। दिन की शुरुआत दौसा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंस में भागीदारी के साथ हुई, जहां उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस गरिमामय कार्यक्रम में सांसद मुरारी लाल मीना, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद विधायक ने बैजूपाड़ा स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र नमन किया और डॉ. भीमराव अंबेडकर जागृति संस्था के तत्वावधान में आयोजित 135वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जहां पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरवा महासभा ललित बैरवा सहित क्षेत्र के




जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। 'विचारों की विरासत जब जन-जन तक पहुंचती है, तभी समाज मजबूत बनता है '–इस संदेश के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा।

मंडावर कस्बे के भूड़ा मोड़ पर आयोजित भव्य शोभायात्रा को विधायक राजेंद्र मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जहां जनसमूह का उत्साह देखते ही बन रहा था। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और युवाओं ने 'जय भीम' के नारों के साथ भागीदारी निभाई और पूरा वातावरण ऊर्जा और श्रद्धा से सराबोर हो उठा।

महवा स्थित अंबेडकर कॉलोनी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए नवनिर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण किया और इसे आमजन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र की आधारभूत संरचना को भी सुदृढ़ करेगा। 'विकास की राह वही पकड़ता है, जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलता है '–इस सोच के साथ उन्होंने आगे बढ़ने का संदेश दिया। इसके पश्चात ग्राम हड़िया में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधायक ने अंबेडकर भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया और इसे सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बताते हुए कहा कि यह भवन समाज को नई दिशा देगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाबा साहब के आदर्श हमें समानता, न्याय और शिक्षा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं और हम उसी दिशा में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरे दिन चले इन आयोजनों में भामाशाह, महिला-पुरुष, युवा और बच्चों की भारी भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को जोड़ने और आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी ताकत हैं। 'ये सिर्फ जयंती नहीं, एक जागरण है; जो समाज को नई दिशा देने का संकल्प बन चुका है '–महवा विधानसभा क्षेत्र की इस व्यापक भागीदारी ने यही संदेश हर ओर पहुंचा दिया।

# रोहित मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी, मुम्बई। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच में अपनी 19 रनों की पारी के दौरान ही एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही वह आईपीएल में 6000 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के पहले बल्लेबाज बने हैं। रोहित ने जैसे ही आरसीबी के खिलाफ अपने 6 रन पूरे किये। उसी के साथ ही उनके 6000 रन परे हो गये। रोहित ने जैकब डफी की गेंद पर छक्का लगाकर ये आंकड़ा हासिल किया। रोहित साल 2011 मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। उसके बाद से ही वह इस टीम से खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं सूर्यकुमार सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार ने 116 मैचों में 3776 रन बनाए हैं। उनके बाद कीरोन पोलार्ड ने 2010 से 2022 तक मुंबई इंडियंस की ओर से 189 आईपीएल मैचों में 3412 रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल में एक ही टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित से आगे विराट कोहली हैं। कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम के लिए 271 आईपीएल मैचों में कुल 8840 रन बनाए हैं।



# आईपीएल अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंची आरसीबी, रॉयल्स शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी, मुम्बई।**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में जीत के साथ ही आईपीएल 2026 की अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। इस मैच के साथ ही इस सत्र में आरसीबी ने लगातार अपना तीसरा मैच जीता। अंकतालिका में अभी पहले स्थान पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है। रॉयल्स ने अब




तक अपने सभी चारों मैच जीतकर 8 अंक हासिल किए हैं। वहीं, पंजाब किंग्स ने 4 में से 3 मैच जीत कर 7 अंक के साथ ही दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि आरसीबी में तीन मैच जीतकर 6 अंक के थ ही तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात इटंस, लखनऊ सुपर जांयट्स -4 अंक लेकर आगे के स्थानों हैं। सनराइज हैदराबाद, मुंबई ंस, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अभी -4 मैच में से केवल 1-1 मैच ा है। इन तीनों टीमों के अंक 2 हैं। अंतिम स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है (केकेआर) है। केकेआर ने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है।

अंक तालिका में चौथे पायदान पर दिल्ली कैपिटल्स है। उसने चार मैचों में से दो मैच जीत चुकी है और उसके खाते में 4 अंक हैं। सूची में पांचवें पायदान पर गुजरात टाइटन्स है, जो चार में से दो मैच जीती और दो मैच हारी है। छठे पायदान पर बरकरार लखनऊ सुपर जायंट्स ने चार में से दो मैच जीते हैं। चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर कायम टीमों ने कम से कम दो मैच जीते हैं और इतने ही मैच ये हारी हैं।सातवें से 10वें नंबर तक की टीमों ने एक से ज्यादा मुकाबला नहीं जीता है। सातवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद है। वह चार में से तीन मैच हारी है और एक मैच जीती है। आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)की हालत भी यही है।

## नेमार हर मैच के साथ ही बेहतर हो रहे : मैनेजर कुका

**एजेंसी, रियो डी जेनेरो**

स्टार फुटबॉलर नेमार आगामी विश्वकप को देखते हुए ब्राजील की टीम में जगह पाने के प्रयासों में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में नेमार सैंटोस और एटलेटिको मिनेरो के बीच हुए मैच के दौरान पूरे समय मैदान में बने रहे। इस मैच से वापसी करते हुए नेमार को पूरे समय खेलते देकर प्रशंसक भी उत्साहित दिखे। वहीं टीम के मैनेजर कुका ने भी नेमार के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह इसी प्रकार खेलते रहे तो जून में होने वाले विश्वकप में ब्राजील की टीम में उनकी जगह पक्की हो सकती है। कुका ने कहा, नेमार हर मैच के साथ ही बेहतर हो रहा है, उसे टीम में वापसी के लिए



मेहनत करते रहना होगा। उसका खेल लगातर निखर रहा है। । , कुका ने कहा कि वह मंगलवार को रेकोलेटा के साथ सैंटोस के खिलाफ होने वाले घरेलू कोपा अमेरिका मैच में भी खे सकता है। उन्होंने कहा, उसके लिए पूरे 90 मिनट खेलना जोखिम भरा है। हमें उसे खेल का आनंद लेते हुए लय हासिल करते देखना अच्छा लग रहा है। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी पर अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूटने के बाद से ही वह ब्राजील से नहीं खेल पाये हैं। इसके बाद से ही वह लगातार फिटसेस से जुड़ी परेशानियां झेल रहे हैं। पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब में लौटने के बाद से वह सैंटोस के लिए 35 मेच से लगातार उतर रहे हैं। ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के विश्व कप के लिए टीम की घोषणा से पहले उनके पास सैंटोस के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए 10 और गेम हैं।


## इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाया जाना चाहिये : पोलार्ड

**एजेंसी, मुम्बई।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम शुरुआत से ही विवादों में रहा है। साल 2023 से लागू होने के बाद से ही कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इससे ऑलराउंडरों को ही नुकसान हो रहा है। ऐसे में इस नियम को हटा दिया जाना चाहिये। वहीं अब मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने भी कहा है कि इम्पैक्ट प्लेयर का विकल्प ऑलराउंडरों की भूमिका को सीमित कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पोलार्ड लंबे समय से आईपीएल का हिस्सा हैं। वह 2010 से अलग-अलग भूमिकाओं में आईपीएल से जुड़े रहे हैं और टीम में ऑलराउडर के तौर पर भी शामिल रहे हैं। पोलार्ड ने कहा, मैं इस नियम को पसंद नहीं करता हूं पर इसे हटाना मेरे हाथ में नहीं है। इससे केवल ये हो रहा है कि इसने टी20 क्रिकेट में बड़े स्कोर बन रहे हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी इसके पड़ने वाले असर पर अभी तक मैंने धयान नहीं दिया है। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होने से केवल तब ही लाभ हो रहा है जब कोई टीम लीग गेम में कुछ विकेट गंवा देती है तो भी उसके पास अधिक रन बनाने का अवसर रहता है। उन्होंने जो लोग इस प्रकार के नियम बना रहे हैं उन्हें यह देखना चाहिये कि क्या यह वास्तव में खेल के लिए अच्छा है, टेलीविज़न के लिए अच्छा है, या सिर्फ़ लोगों के लिए फ़ायदेमंद है।

## रॉयल्स के मैनेजर रोमी पर कार्रवाई कर सकता है बीसीसीआई

**एजेंसी, मुम्बई।**

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के टीम मैनेजर रोमी भिंडर की मुश्किलें बढ़ सकती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2026 मैच के दौरान टीम के डगआउट में मोबाइल फोन का उपयोग करना उन्हें भारी पड़ सकता है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी उनपर कार्रवाई कर सकता है। गुवाहाटी में हुए इस मैच में रोमी टीम के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के पास बैठकर मोबाइल चला रहे थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने भी माना है कि टीम मैनेजर ने नियमों



का उल्लंघन किया है। इस अधिकारी ने कहा, जी हां रोमी ने वास्तव में खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के लिए बने प्रोटोकॉल को तोड़ा है क्योंकि मैच के दौरान डगआउट में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक है। आईपीएल के अनुसार, टीम मैनेजर ड्रेसिंग रूम में फोन का उपयोग कर सकता है पर डगआउट में नहीं। रोमी फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही इससे जुड़े हुए हैं और जानकारों का मानना है कि उन्हें भ्रष्टाचार रोधी प्रोटोकॉल के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए। अब देखना होगा कि उनपर क्या कार्रवाई होती है। इस अधिकारी ने कहा, यह अनजाने में भी हो सकता है पर इस पर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यह नियमों का उल्लंघन है। चेतावनी दी जाएगी या प्रतिबंध लगाया जाएगा, इसका फैसला मैच रेफरी और भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) की रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा।

# बिजनेस


## भारत में सात साल बाद ईरानी कच्चे तेल की वापसी, प्रमुख बंदरगाहों पर पहुंचे तेल टैंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया संकट एवं ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा के बीच ईरानी कच्चा तेल लेकर आए दो बड़े टैंकर भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर पहुंच गए हैं, जो लगभग 7 वर्षों में ऐसी पहली आपूर्ति है। शिप ट्रैकिंग डेटा से यह जानकारी मिली है।

शिप ट्रैकिंग की ओर से सोमवार को जारी डेटा के अनुसार ईरानी कच्चे तेल से भरा एक क्रूड ऑयल टैंकर ओडिशा के पारादीप बंदरगाह के पास पहुंचने के बाद एक और ईरानी तेल टैंकर गुजरात के सिक्का बंदरगाह के एंकरेज पर पहुंच गया है। इस जहाज में करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल लदा है, जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था।

शिप ट्रैकिंग के मुताबिक यह तेल टैंकर लगभग सात वर्षों में भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने वाले ईरानी क्रूड के पहले कार्गो हैं। नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी द्वारा संचालित



'फेलिसिटी' नामक एक बड़ा कच्चा तेल वाहक जहाज ने रविवार देर रात गुजरात तट के सिक्का के पास लंगर डाला। इस जहाज में करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था।

इसी समय के आसपास एक दूसरा तेल टैंकर, 'जया', ओडिशा के तट पर पारादीप के पास आकर रुका है। यह जहात भी लगभग उतनी ही मात्रा में कच्चा तेल ले जा रहा है, जिसे फरवरी के अंत में खर्ग द्वीप से लिया गया था। ये खेप पिछले महीने अमेरिका द्वारा दी गई सीमित प्रतिबंध छूट के बाद आई हैं, जिसके तहत पहले से ही रास्ते में मौजूद ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी गई थी। कच्चे तेल का ये खेप लगभग सात साल में भारतीय तटों पर पहुंचने वाली ईरानी कच्चे तेल की पहली खेप हैं। यह अमेरिका द्वारा पिछले महीने जारी की गई प्रतिबंधों में छूट (सैंक्शन्स वेवर) के बाद संभव हुआ है। इस एक महीने की छूट ने उस ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी जो पहले से ही रास्ते में था। इसका उद्देश्य ग्लोबल सप्लाई चेन में आई बाधाओं को कम करना और कीमतों को नियंत्रित करना था। हालांकि, पाकिस्थान में सप्ताह के अंत में शांति वार्ता विफल होने के बाद वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा कर दी, जिसका उद्देश्य तेहरान के तेल निर्यात से होने वाली आय पर अंकुश लगाना है।

## सिटियस ट्रांसनेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट का आईपीओ 17 अप्रैल को खुलेगा, प्राइस बैंड 99–100 रुपये प्रति शेयर


**एजेंसी, नई दिल्ली**

सिटियस ट्रांसनेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट का आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) 17 अप्रैल को खुलेगा। इसमें निवेश करने के लिए निवेशक 21 अप्रैल तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 99–100 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इसके शेयर बीएसई और एनएसई पर 29 अप्रैल को सूचीबद्ध होंगे। सिटियस ट्रांसनेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को बताया कि इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 99–100 रुपये प्रति शेयर तय है। कंपनी की योजना इस आईपीओ से 1,105 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी के मुताबिक आईपीओ शेयरों का आवंटन 24 अप्रैल तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा, जबकि सिटियस ट्रांसनेट यूनिट 29 अप्रैल से स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध होंगी। सिटियस ट्रांसनेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के इश्यू के लिए एक्सिस कैपिटल, एम्बिट और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज को सिटियस ट्रांसनेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट आईपीओ के प्रबंधन के लिए लीड मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है।

## जेएएल के लिए वेदांता की याचिका पर एनसीएलएटी में सुनवाई टली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सोमवार को खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता समूह की उन याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी है, जिनमें कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए अडाणी समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज की बोली के चयन को चुनौती दी गई थी। दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण ने वेदांता लिमिटेड की दो अपीलों पर सुनवाई कर रही बेंच की बनावट में बदलाव की वजह से यह सुनवाई टाल दी है। यह बदलाव बेंच के किसी सदस्य के मौजूद न होने की वजह से किया गया है। एनसीएलएटी अगली सुनवाई की तारीख जल्द ही तय करेगा। दरअसल ये पूरा विवाद जेपी एसोसिएट्स की दिवाला प्रक्रिया से जुड़ा है। इलाहाबाद स्थित राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 17 मार्च को एक आदेश पारित करते हुए जेएएल के अधिग्रहण के लिए अडाणी




एंटरप्राइजेज लिमिटेड की 14,535 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दी गई थी। अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह ने एनसीएलटी के इस फैसले का विरोध करते हुए एनसीएलएटी के समक्ष दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। वेदांता समूह ने अपनी अपीलों के माध्यम से अधिग्रहण के लिए अदाणी समूह की बोली के चयन पर सवाल उठाए हैं। इस दिवाला प्रक्रिया का अंतिम निर्णय अभी कानूनी कसौटी पर है। एनसीएलएटी जल्द ही इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख निर्धारित करेगा। हालांकि, अडाणी एंटरप्राइजेज को अधिग्रहण की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया है कि जेपी एसोसिएट्स की यह समाधान योजना वेदांता समूह की ओर से दायर अपीलों के अंतिम परिणाम के अधीन रहेगी। बाजार और निवेशकों की नजर अब अपीलीय न्यायाधिकरण के अंतिम फैसले पर टिकी हुई है। गौतम अडाणी की अडाणी समूह ने दिवालिया प्रक्रिया के तहत जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) का लगभग 14,535 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की बोली जीती है। ये सौदा सीमेंट, बुनियादी ढांचा और रियल एस्टेट संपत्तियों के लिए है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत लगभग दो प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी थोड़ी और बढ़ी। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे दोनों सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। इस लिवाली के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी की स्थिति में बहुत अधिक सुधार नहीं हो सका है। सुबह 10 बजे



तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.65 प्रतिशत और निफ्टी 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एशियन पेंट्स, आयशर मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और बजाज ऑटो के शेयर 4.01 प्रतिशत से लेकर 3.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, कोल इंडिया, सन फार्मास्युटिकल्स, इंफोसिस, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयर 4.40 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,793 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 508 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,285 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ एक शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में था।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने और चांदी के भाव में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं



22 कैरेट सोना आज 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में आई मामूली कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

## आज से 6 महीने की लॉक इन से फ्री हुए 5 कंपनियों के 509.58 करोड़ शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजाज हाउसिंग फाइनेंस और टाटा कैपिटल समेत पांच कंपनियां के शेयरों का छह महीने का लॉक इन पीरियड आज खत्म हो गया। लॉक इन खत्म होने के बाद इन पांच कंपनियां के कुल 509.58 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हो गए हैं। शुक्रवार की क्लोजिंग प्राइस के अनुसार इन शेयरों की कीमत लगभग 1.15 लाख करोड़ रुपये है। इनमें सबसे अधिक 285.80 करोड़ शेयर टाटा कैपिटल के हैं। टाटा कैपिटल कंपनी के शेयरों का




छह महीने का लॉक-इन आज खत्म हो गया। लॉक इन खत्म हो जाने से आज से कंपनी के लगभग 285.80 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो गए हैं। आज ट्रेडिंग के लिए फ्री हुए शेयर कंपनी की कुल इक्विटी के 67 प्रतिशत के बराबर हैं। आज फ्री हुए इन शेयरों की कुल वैल्यू शुक्रवार की क्लोजिंग प्राइस के हिसाब से 93,700 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इसी तरह बजाज हाउसिंग फाइनेंस के कुल इक्विटी का 25 प्रतिशत आज से ट्रेडिंग के लिए फ्री हो गया। इस तरह छह महीने से लॉक इन में पड़े कंपनी के कुल 210 करोड़ शेयरों में आज से ट्रेडिंग शुरू हो गई है। शुक्रवार की क्लोजिंग प्राइस के अनुसार इन शेयरों की वैल्यू लगभग 17,976 करोड़ रुपये है। इसके अलावा छह महीने से लॉक इन में पड़े वी वर्क इंडिया के 5.99 करोड़ शेयर भी आज से ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हो गए हैं।

# नेहा शर्मा का मेकअप पर अनोखा बयान: मेकअप में और खराब लगती हूं

बॉ बॉलीवुड की रंगीन और ग्लैमरस दुनिया, जहां सितारे अक्सर अपने परफेक्ट लुक और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं, वहीं अभिनेत्री नेहा शर्मा ने हाल ही में एक ऐसा बयान दिया है जिसने उनके फैंस और इंडस्ट्री को हैरान कर दिया है। हाल ही में नेहा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह मेकअप किए हुए अपने बालों को फ्लिक करती हुई नजर आ रही थीं। आमतौर पर सेलिब्रिटीज अपने मेकअप लुक की तारीफ करते हैं या उसे स्टाइल स्टेटमेंट के तौर पर दिखाते हैं, लेकिन नेहा ने इस बार एक बिल्कुल ही अलग और ईमानदारी भरा अंदाज अपनाया। उन्होंने अपनी वीडियो के साथ लिखा, मुझे अपने बाल और मेकअप ठीक से करना नहीं आता। मुझे इस स्किल को सीखने की जरूरत है, ताकि मैं खुद को बेहतर तरीके से प्रजेंट कर सकूं।


यह टिप्पणी सिर्फ खुद को प्रस्तुत करने की क्षमता तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि नेहा ने अपने मेकअप लुक पर एक मजाकिया और आत्म-निरीक्षक सवाल भी उठाया। उन्होंने लिखा, क्या मैं ही अकेली लड़की हूं जिसे लगता है कि मेकअप के साथ मैं और भी खराब दिखती हूं? यह बयान उस ग्लैमर उद्योग में एक ताजी हवा के झोंके जैसा है, जहां परफेक्ट दिखना एक अलिखित नियम बन गया है। नेहा का यह बेबाक और सच्चा कमेंट दर्शाता है कि वह सिर्फ अपनी फिल्मी किरदारों में ही नहीं, बल्कि असल जिंदगी



में भी कितनी वास्तविक हैं। उनके इस बयान को कई फैंस ने पसंद किया, जिन्होंने उनकी ईमानदारी की तारीफ की और खुद को नेहा की बातों से रिलेट भी किया। यह दिखाता है कि कैसे सोशल मीडिया के माध्यम से सितारे अब अपने असल व्यक्तित्व को भी खुलकर साझा कर रहे हैं। नेहा शर्मा की बात करें तो, उनका व्यक्तित्व सिर्फ फिल्मी पर्दे तक ही सीमित नहीं है। वह एक बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं, जिन्हें कुकिंग, म्यूजिक सुनना, किताबें पढ़ना और डांस करना बेहद पसंद है। उनका डांस के प्रति जुनून विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

नेहा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की न केवल ट्रेनिंग ली है, बल्कि उन्होंने लंदन के प्रसिद्ध पाइनएप्पल डांस स्टूडियो से स्ट्रीट हिप-हॉप, सालसा, मेरेंग्यू, जाइव और जैज जैसे कई वेस्टर्न डांस फॉर्म भी सीखे हैं। यह उनकी कला के प्रति समर्पण और विभिन्न संस्कृतियों में रुचि को दर्शाता है। एक अभिनेत्री के लिए इतने सारे डांस फॉर्म्स में निपुण होना उनकी शारीरिक फिटनेस और कलात्मक क्षमता को भी दर्शाता है। करियर की बात करें तो नेहा शर्मा ने साल 2007 में तेलुगु फिल्म चिरुथा से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद, उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और कई महत्वपूर्ण फिल्मों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में इमरान हाशमी के साथ क्रूक शामिल है, जिससे उन्हें पहचान मिली। इसके अलावा, वह क्या सुपर कूल हैं हम, यमला पगला दीवाना 2 जैसी कॉमेडी फिल्मों और अजय देवगन की ब्लॉकबस्टर पीरियड ड्रामा तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर में भी नजर आईं, जहां उनके अभिनय को सराहा गया।

# उस्ताद भगत सिंह की ओटीटी रिलीज डेट हुई कंफर्म, 16 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी पवन कल्याण की फिल्म




साउथ एक्टर पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास परफॉर्म नहीं कर पाई. वहीं फैंस इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फाइनली अब ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है. चलिए यहां जानते हैं ये फिल्म किस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कब और कहां रिलीज होगी? उस्ताद भगत सिंह को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है और ये अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है. बता दें कि मेकर्स ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म के राइटर्स बेच दिए हैं. पहले कहा जा रहा था कि फिल्म 23 अप्रैल को ओटीटी पर आ सकती है. वहीं अब मेकर्स ने फिल्म की ऑफिशियल रिलीज की तारीख कंफर्म कर दी है. ये फिल्म 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी. ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म को हिंदी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषा में देख सकेंगे. फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन धमाकेदार रहा और फिल्म ने पहले दिन 34.75 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया था, लेकिन फिर गुजरते दिन के साथ फिल्म का कलेक्शन कम होता गया और . अपना बजट तक नहीं निकाल पाई. बता दें कि इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लेवल पर 96.36 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन किया था. वहीं फिल्म का बजट 150 करोड़ रुपए था.

फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म पवन कल्याण ने ऐसे पुलिसवाले का रोल प्ले किया है, जो बहाजुर और साहसी है और हमेशा गलत के खिलाफ खड़ा रहता है. फिल्म में एक्शन और इमोशनंस दोनों है और अभिनेता 54 साल की उम्र में भी धमाकेदार एक्शन करते दिखे हैं. उस्ताद भगत सिंह का निर्देशन हरीश शंकर ने किया है. फिल्म की कमाई की धीमी रफ्तार पर निर्देशक ने कहा था कि उनके लिए फिल्म को रिलीज करना दूसरी फिल्म से प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सिनेमा का उत्सव है, निर्देशक ने यह बयान फिल्म धुरंधर-2 के साथ क्लैश पर कहा था.

# थलपति विजय की जन नायकन रिलीज डेट बढी

बहुप्रतीक्षित फिल्म जन नायकन की रिलीज फिलहाल बढ गई है। तमिल सुपरस्टार थलपति विजय की इस फिल्म को नए विवाद ने घेर लिया है। फिल्म के 9 जनवरी को रिलीज होने की उम्मीद थी, मगर सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी न मिलने के कारण इसकी रिलीज टल गई। जन नायकन की रिलीज में देरी का कारण फिल्म में कथित राजनीतिक टिप्पणियां, भारतीय सेना का चित्रण और धार्मिक भावनाओं से जुड़े कुछ विवादित अंश बताए जा रहे हैं। इन मुद्दों के चलते फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजा गया, जिसके बाद मद्रास हाई कोर्ट ने भी फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। इस बीच,




सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि फिल्म के कई क्लिप्स ऑनलाइन लीक हो गए हैं, जिससे निर्माताओं और फैंस दोनों में गहरी चिंता फैल गई है। फैंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दावा किया है कि फिल्म के कुछ क्लिप्स व्यापक रूप से लीक हो गए हैं। एक्स (पहले ट्विटर) पर कई अकाउंट्स ने जन नायकन के 5 मिनट 31 सेकेंड के वीडियो क्लिप साझा किए हैं। इन वीडियो को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें फिल्म की किसी टेस्ट स्क्रीनिंग के दौरान मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया गया है। क्लिप में विजय के प्रभावशाली इंट्रोडक्शन सॉन्ग से लेकर एक रोमांचक फाइट सीक्वेंस और फिल्म का टाइटल भी नजर आ रहा है। यह लीक न केवल फैंस के लिए निराशाजनक है, बल्कि फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने तो इससे भी बड़े दावे किए हैं। उन्होंने कहा है कि सिर्फ 5 मिनट की क्लिप नहीं, बल्कि फिल्म के लगभग सभी सीन्स उन्हें ऑनलाइन मिल गए हैं। एक एक्स यूजर ने दावा किया कि उन्होंने थलपथी कचेरी गाने का क्लिप भी ऑनलाइन देख लिया है.

# एक दिन का नया गाना ख्वाब देखूं हुआ रिलीज, नजर आई साई पल्लवी और जुनैद खान की जादुई केमिस्ट्री!


आ आमिर खान प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म एक दिन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पर्दे पर एक प्यारी सी प्रेम कहानी लेकर आ रही इस फिल्म ने अपने ट्रेलर और गानों से लोगों को बांधे रखा है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए फिल्म का नया गाना ख्वाब देखूं रिलीज हो गया है, जो हमें जुनैद खान और साई पल्लवी के बीच पनपते रोमांस की जादुई दुनिया में ले जाता है। एक दिन का यह गाना ख्वाब देखूं सुनने में वाकई बहुत सुकून देने वाला है। खूबसूरत वादियों के बीच फिल्माया गया यह गाना साई और जुनैद की धीरे-धीरे आगे बढ़ती लव स्टोरी को दिखाता है। इसमें हम शर्मीले और सीधे-सादे जुनैद को चुलबुली और दिलकश साई के प्यार में पड़ते हुए देखते हैं। दोनों के बीच का यह प्योर रोमांस आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। यह गाना अपने शांत और रोमांटिक अहसास को पूरी तरह बरकरार रखता है।

अरिजीत सिंह और तरन्नुम मलिक जैन की जादुई आवाजों में सजे इस गाने को राम संपत ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। अरिजीत की रूहानी आवाज सीधे दिल को छू लेती है और प्यार के असली अहसास को जगाती है, जिससे इस जादुई प्रेम कहानी को देखने की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एक दिन का यह गाना ख्वाब देखूं सुनने में वाकई बहुत सुकून देने वाला है। खूबसूरत वादियों के बीच फिल्माया गया यह गाना साई और जुनैद की धीरे-धीरे आगे बढ़ती लव स्टोरी को दिखाता है। इसमें हम शर्मीले और सीधे-सादे जुनैद को चुलबुली और दिलकश साई के प्यार में पड़ते हुए देखते हैं। दोनों के बीच का यह प्योर रोमांस आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। यह गाना अपने शांत और रोमांटिक अहसास को पूरी तरह बरकरार रखता है। अरिजीत सिंह और तरन्नुम मलिक जैन की जादुई आवाजों में सजे इस गाने को राम संपत ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। अरिजीत की रूहानी आवाज सीधे दिल को छू लेती है और प्यार के असली अहसास को जगाती है, जिससे इस जादुई प्रेम कहानी को देखने की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसके निर्माता आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित हैं। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# मातृभूमि का मूल उद्देश्य है सशक्त शांति का संदेश देना

बॉलीवुड फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नाम बदलकर मातृभूमि किए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर पिछले दिनों काफी चर्चा रही। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की इस अपकमिंग फिल्म को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे कि शायद फिल्म की स्क्रिप्ट में बड़ा बदलाव किया गया है और कहानी को एक युद्ध-केंद्रित ड्रामा से हटाकर देशभक्ति वाले विषय में बदल दिया गया है। हालांकि, अब एक ताजा रिपोर्ट ने इन सभी अटकलों को खारिज करते हुए नाम बदलने की असली वजह सामने ला दी है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही यह फिल्म वास्तव में कभी भी एक ठेठ युद्ध फिल्म बनने का इरादा नहीं रखती थी। भले ही इसकी पृष्ठभूमि साल 2020 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य एक सशक्त शांति का संदेश देना है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान के करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि इस फिल्म के लिए सलमान खान की सबसे बड़ी शर्त यही थी कि इसमें किसी भी प्रकार का अंधराष्ट्रवाद




या युद्ध का महिमामंडन नहीं होना चाहिए। बजरंगी भाईजान जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म देने वाले सलमान हमेशा से सिनेमा की उस शक्ति में विश्वास रखते हैं जो लोगों को जोड़ने और सद्भाव स्थापित करने का काम करती है। सूत्र ने बताया, उन्होंने जानबूझकर ऐसी स्क्रिप्ट से दूरी बनाई है जो केवल तमाशे के लिए युद्ध को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती हैं। सलमान खान के अब तक के काम को देखें तो उनकी फिल्मों में हमेशा शांति, दया और इंसानियत का संदेश प्रमुख रहा है, और मातृभूमि भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाएगी। फिल्म के पुराने नाम बैटल ऑफ गलवान और शुरुआती टीज़र ने दर्शकों के बीच यह गलतफहमी पैदा कर दी थी कि यह केवल गलवान की लड़ाई पर आधारित एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म होगी, जिसमें युद्ध का नाटकीय चित्रण होगा। टीज़र में सलमान खान को लड़ाई वाले इलाके में भिड़ंत के लिए तैयार दिखाया गया था, जिससे यह भ्रम और गहरा गया। इसी भ्रम को दूर करने और फिल्म के वास्तविक इरादे को स्पष्ट करने के लिए सलमान खान ने खुद फिल्म का शीर्षक बदलने का फैसला लिया। अब मेकर्स ने फिल्म का नया स्लोगन मे वार रेस्ट इन पीस रखा है। टीम चाहती है कि दर्शक यह जान लें कि फिल्म किसी भी तरह से युद्ध को महान नहीं बताएगी, बल्कि उनका इरादा इसके ठीक विपरीत है – युद्ध की विभीषिका को दिखाकर शांति की वकालत करना। मातृभूमि पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन शूटिंग शेड्यूल में देरी और कुछ महत्वपूर्ण हिस्सों को दोबारा शूट करने की आवश्यकता के कारण इसकी रिलीज को आगे बढ़ाया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

# धुरंधर 2 और डकैत पर भारी पड़ी लव इंश्योरेंस कंपनी

प्रदीप रंगनाथन की नई फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी इस शुक्रवार, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर अदिवि सेष और मृणाल ठाकुर की डकैत के साथ क्लैश हुआ है. वहीं इसे ब्लक़बस्टर 23 दिन पुरानी धुरंधर 2 से भी मुकाबला करना पड़ा है. बावजूद इसके लव इंश्योरेंस कंपनी ने इन दोनों फिल्मों से अच्छी शुरुआत की है. चलिए यहां जानते इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है? साइंस-फिक्शन रोमांस फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को रिलीज के पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक लव इंश्योरेंस कंपनी ने भारत में पहले दिन 3,202 शो में 6.85 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया गै. इसके साथ ही फिल्म का कुल भारतीय कलेक्शन अब तक 7.93 करोड़ रुपये हो गया है. विदेशी बाजारों से इसने 2.00 करोड़ रुपये जोड़े जिससे शुक्रवार को फिल्म का कुल ग्लोबल कलेक्शन 9.93 करोड़ रुपये हुआ है. बता दें कि लव इंश्योरेंस कंपनी के तमिल वर्जन ने 2117 शो में 5.45 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन और 37.0त्न ऑक्यूपेंसी के साथ बढ़त बनाई. तेलुगु वर्जन ने 1,085 शो में 25.0त्न ऑक्यूपेंसी के साथ 1.40 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. ओपनिंग डे पर कुल ऑक्यूपेंसी 32.9त्न रही. लव इंश्योरेंस कंपनी ने 6.85 करोड़ के कलेक्शन के साथ नई रिलीज डकैत पर पहले दिन दबदबा बनाया. वहीं इसने 23 दिन पुरानी धुरंधर 2 से भी ज्यादा कलेक्शन किया है. बता दें कि डकैत की पहले दिन की कमाई सैकनिल्क के मुताबिक 6.50 करोड़ रही है. जबकि धुरंधर 2 ने 23वें दिन 6.70 करोड़ कमाए हैं. देखने वाली बात होगी कि ये फिल्में वीकेंड पर कैसा परफॉर्म करती हैं. लव इंश्योरेंस कंपनी में एक आदमी प्यार की तलाश में मोबाइल गैजेट का इस्तेमाल करके 2035 में टाइम ट्रैवल करता है. कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या रोमांस के मामलों में कोई ऐप सचमुच दिल की जगह ले सकता है. विग्नेश शिवन द्वारा निर्देशित, लव इंश्योरेंस कंपनी रोमांस और कॉमेडी का बेहतरीन ब्लेंड है.





# नीरू बाजवा, की जवाक के सेट से मस्ती भरी झलक: एक नए पंजाबी ब्लॉकबस्टर की तैयारी

पंजाबी और बॉलीवुड सिनेमा में अपनी दमदार अदाकारी से एक अलग मुकाम हासिल करने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा एक बार फिर दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी पंजाबी फिल्म जवाक इन दिनों सुर्खियों में है और इसका एक मजेदार बिहाइंड द सीन्स (बीटीएस) वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालही में नीरू बाजवा ने जवाक के एक गाने की शूटिंग का एक बेहद मनोरंजक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया, जिसमें वह बच्चों के साथ झूमती और उनकी ऊर्जा का बखूबी मुकाबला करती नजर आ रही हैं। यह वीडियो न केवल फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ा रहा है, बल्कि नीरू की सहज और बच्चों के साथ घुलमिल जाने वाली शख्सियत को भी उजागर करता है। वीडियो में नीरू बाजवा बच्चों के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ डांस कर रही हैं। उनकी मुस्कान और बच्चों के साथ उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। इस वीडियो को साझा करते हुए नीरू ने लिखा, संभलकर छोटे-छोटे बच्चों में भी बहुत ज्यादा टैलेंट होता है। वाहेगुरु हमेशा आपको खुश और तरक्की में रखे। हमारी फिल्म जवाक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह कैप्शन बच्चों के प्रति उनके स्नेह और विश्वास को दर्शाता है, साथ ही फिल्म के रिलीज की भी जानकारी देता है। फैंस इस वीडियो को लगातार लाइक और शेयर कर रहे हैं, और नीरू की इस पहल की सराहना कर रहे हैं। फिल्म जवाक का यह गाना, जिसका नाम भी जवाक है, बेहद मजेदार है और इसमें नीरू को बच्चों के साथ थिरकते देखा जा सकता है। इस गाने को वरी राय ने अपनी कलम से सजाया है, जबकि संभी ने अपने संगीत से इसे और भी आकर्षक बनाया है। गाना सभी प्रमुख म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और रिलीज के बाद से ही श्रोताओं द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। गाने की धुन और बोल दोनों ही बेहद आकर्षक और मनमोहक हैं, जो इसे एक परफेक्ट फैमिली सॉन्ग बनाते हैं। फिल्म जवाक की बात करें तो इसका निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं, जो अपनी अनूठी कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष के जिम्मे है, जबकि इसकी स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसका मतलब है कि दर्शकों को इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। हालांकि, फिल्म के प्लॉट और अन्य महत्वपूर्ण विवरणों का खुलासा अभी नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी होगी। फिल्म में नीरू बाजवा के साथ गुरी घुमन, निर्मल ऋषि, बी.एन. शर्मा, राणा रणबीर और रविंदर मांड जैसे नामी कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं, जो फिल्म को एक मजबूत कलाकारों की टुकड़ी प्रदान करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में सुबह-सुबह लगे भूकंप के झटके, प्रशासन अलर्ट पर

श्रीनगर (एजेंसी)। देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि दोनों ही क्षेत्रों से अभी तक किसी भी प्रकार के जान-माल के बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। भूकंप की जानकारी मिलते ही संबंधित जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन इकाइयां तुरंत सक्रिय हो गईं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले की भदेरवाह घाटी और उसके आसपास के इलाकों में सुबह 4:55 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.9 दर्ज की गई है। डोडा जिले के लिए इस तरह की हलचलें चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि इससे पहले 12 अप्रैल को भी यहां 4.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप महसूस किया गया था, जिसका समय सुबह 04:32 बजे दर्ज हुआ था। इतना ही नहीं, मार्च की शुरुआत में भी क्षेत्र ने 4.2 तीव्रता के झटके झेले थे। लगातार आ रहे इन झटकों ने घाटी के लोगों को डरा दिया है। दूसरी ओर, उत्तराखंड के सीमावर्ती जिले पिथौरागढ़ में भी मंगलवार सुबह 7:07 बजे धरती कांपी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने स्थिति का जायजा लेने के लिए भूकंप केंद्र और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। गनीमत रही कि वहां भी स्थिति सामान्य है और संपत्तियों को कोई क्षति नहीं पहुंची है। भूकंप की यह सक्रियता केवल उत्तर भारत तक ही सीमित नहीं रही है। हाल ही में महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र, विशेषकर हिंगोली जिले में भी 4.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। हिंगोली के जिलाधिकारी के अनुसार, पांगरा शिंदे गांव में कुछ घरों और सामुदायिक केंद्रों की दीवारों में दरारें देखी गई थीं। देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार आ रहे ये झटके भूकंपीय संवेदनशीलता को दर्शाते हैं, जिसके चलते प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है।

## बीजेपी विधायक संजय गुप्ता सड़क हादसे में घायल, डॉक्टरों की टीम कर रही निगरानी

पटना (एजेंसी)। बीजेपी के कुम्हरार से विधायक संजय गुप्ता सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक संजय गुप्ता पश्चिम बंगाल में चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद सिलीगुड़ी से पटना लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना कितनी गंभीर थी, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि हादसे में उन्हें सीने में चोट लगी है। हादसे के तुरंत बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टरों द्वारा जांचें की जा रही हैं ताकि किसी अंदरूनी चोट की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। इधर, घटना की खबर मिलते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में चिंता का माहौल है। पार्टी के कई नेता और करीबी अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जान रहे हैं। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## पटना में 78 हजार नशीले इंजेक्शन बरामद, चार गिरफ्तार, 7 पर मामला दर्ज

पटना (एजेंसी)। पटना में औषधि नियंत्रण प्रशासन ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को रानीगंज स्थित एक गोदाम से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए। अधिकारियों ने 39 कार्टन में रखे करीब 78 हजार नशीले इंजेक्शन बरामद किए। इसकी कीमत 27.30 लाख है। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। औषधि नियंत्रण प्रशासन के अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक पिकअप वाहन से नशीले इंजेक्शन की बड़ी खेप शहर में लाई जा रही थी। सूचना मिलते ही टीम ने पिकअप वाहन को रोका और शुरुआती खेप बरामद की। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर रानीगंज इलाके के गोदाम पर छापेमारी की गई। सोमवार सुबह करीब 11 बजे गोदाम की तलाशी ली गई। इस दौरान भारी मात्रा में इंजेक्शन के कार्टन मिले। अधिकारियों के मुताबिक कुल 39 कार्टन में करीब 78 हजार इंजेक्शन थे, जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक औषधि नियंत्रण प्रशासन ने इसे अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया है। जांच में पता चला है कि जब्त किए गए इंजेक्शन का उत्पादन नारोडियन फार्मासिस्ट नामक कंपनी ने किया था। इसकी मार्केटिंग क्विक फार्मा एजेंसी के जरिए की जा रही थी। दोनों कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने इसे जांच का अहम पहलू बताया।

## पुणे के रेस्क्यू फाउंडेशन से 13 बांग्लादेशी युवतियां फरार, केयरटेकर को बंधक बनाकर रची साजिश

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां हडपसर इलाके के मोहम्मदवाड़ी रोड पर स्थित रेस्क्यू फाउंडेशन से 13 बांग्लादेशी युवतियां केयरटेकर पर हमला कर फरार हो गईं। यह घटना 23 मार्च की है, लेकिन इसका खुलासा करीब 20 दिन बाद 12 अप्रैल को हुआ। फरार हुई इन सभी युवतियों को मानव तस्करी के चंगुल से छुड़ाया गया था और हाल ही में उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने के अदालती आदेश जारी हुए थे। पूरी वारदात संस्थान के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना वाले दिन सुबह करीब 6:30 बजे, जब परिसर में सफाई चल रही थी, एक युवती ने पेट दर्द का बहाना बनाया। जैसे ही केयरटेकर लक्ष्मी कांबले दवा लेकर कमरे में पहुंचीं, युवतियों ने उन पर हमला कर दिया। एक लड़की ने उन्हें पीछे से पकड़ा, जबकि अन्य ने उन्हें पीटा और उनके हाथ-पैर बांध दिए। केयरटेकर के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उन्हें कमरे में बंद कर दिया गया। सफाई कार्य के कारण उस समय मुख्य द्वार खुला रह गया था, जिसका लाभ उठाते हुए ये युवतियां बाहर की ओर भागीं। रास्ते में जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो युवतियों ने उसे भी नहीं बख्शा; उसे घसीटा गया और उसके हाथ पर दांत से काट लिया गया। इस अफरातफरी के बीच सभी 13 युवतियां परिसर से बाहर निकलने में कामयाब रहीं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और अब तक सैयद नगर व हडपसर इलाके से दो लड़कियों को बरामद कर लिया गया है, जबकि 11 अब भी लापता हैं।

# ढाणी निहालोठ में अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा का अनावरण, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पचेरी कलां क्षेत्र की ढाणी



निहालोठ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा के अनावरण समारोह ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश दिया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रवण कुमार ने विधिवत फीता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह की अध्यक्षता पिलानी विधायक पितराम सिंह काला ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट हरेश पवार ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन दर्शन शिक्षा और समाज पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें सीएमएओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, बुहाना सीबीईओ वेद प्रकाश रांगेय, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज कुमार (सिंघानिया यूनिवर्सिटी), नोबल शिक्षण समूह के निदेशक इंजी. संदीप नेहरा, कैम्ब्रिज शिक्षण समूह के डायरेक्टर रहीश यादव, एलबीएस स्कूल निदेशक सुरेश जांगिड़, प्रधान हरिकृष्ण यादव, ओमप्रकाश बोहरा पचेरी, पचेरी एसएचओ बनवारीलाल यादव, सिंघाना नगर पालिका अध्यक्ष विजय पांडे सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे।

## मुंबई में लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान ड्रग ओवरडोज से 2 छात्रों की मौत, एक युवती की हालत गंभीर

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के पश्चिमी उपनगर गोरेगांव में आयोजित एक लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान ड्रग्स के ओवरडोज से दो लोगों की मौत का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मृतकों में एक युवक और एक युवती शामिल हैं, जो दोनों उच्च शिक्षित एमबीए छात्र बताए जा रहे हैं। जबकि एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि मृतक दक्षिण मुंबई के एक प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। दोनों अपने 15 दोस्तों के समूह के साथ कॉन्सर्ट में शामिल हुए थे। जांच में सामने आया है कि दोनों छात्रों ने कॉन्सर्ट से पहले और उसके दौरान एक्स्टेसी टैबलेट्स का सेवन किया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल को गोरेगांव इलाके में नेस्को एक्ज़ीबिशन सेंटर में आयोजित एक लेट-नाइट टेक्नो म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान यह घटना हुई। वहां एक बड़े स्तर पर लाइव कॉन्सर्ट आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 3 से 4 हजार युवक-युवतियां शामिल हुए थे। संगीत और पार्टी के माहौल में शराब के साथ-साथ ड्रग्स के इस्तेमाल की भी जानकारी सामने आई है। कार्यक्रम के दौरान कुछ युवाओं ने कथित तौर पर अधिक मात्रा में ड्रग्स का सेवन कर लिया, जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। दो युवतियों को तुरंत हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक युवक को लाइफ लाइन अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती युवक की मौत हो गई। वहीं ट्रॉमा केयर अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद दोनों युवतियों को आगे के इलाज के लिए निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया, जहां सोमवार दोपहर एक युवती ने दम तोड़ दिया। दूसरी युवती की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। इस मामले में वनराई पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है और पुलिस जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने लापरवाही और सदोष मनुष्यवध का मामला दर्ज करते हुए आयोजक सनी जैन, अन्य इवेंट आयोजकों और मृत छात्रों के दो मित्र को आरोपी बनाया है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों के खून के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार के ड्रग्स का सेवन किया गया था।

## एयरपोर्ट पर सुरक्षा कतार लांघ गई अभिनेत्री करीना, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि मुंबई एयरपोर्ट का एक वीडियो है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में करीना कपूर सुरक्षा जांच (सिक्योरिटी चेक) के दौरान लंबी कतार को छोड़कर सीधे सिक्योरिटी गेट की ओर जाती दिख रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद इंटरनेट पर सेलिब्रिटी प्रिविलेज यानी मशहूर हस्तियों को मिलने वाले विशेषाधिकारों को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई है।

वीडियो वायरल होते ही माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई उपयोगकर्ताओं ने करीना के इस व्यवहार पर नाराजगी जताई और इसे आम नागरिकों के साथ नाइंसाफी करार दिया। एक यूजर ने पोस्ट करते हुए लिखा कि करीना कपूर ने कतार तोड़कर सीधे गेट पर पहुंचकर नियमों का उल्लंघन किया है। यूजर ने सवाल उठाया कि सेलिब्रिटी को यह विशेषाधिकार किसने दिया, जबकि अन्य यात्रियों की उड़ानें भी उतनी ही जरूरी होती हैं। कुछ लोगों ने इसे अहंकार बताया और सरकारी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए।

हालांकि, बहस के बीच कई लोग करीना कपूर के बचाव में भी उतरे। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने स्पष्ट किया कि अधिकांश अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पेड वीआईपी सर्विस (सशुल्क वीआईपी सेवा) उपलब्ध होती है। इस सेवा के तहत कोई भी यात्री एक निश्चित शुल्क (जैसे 6,000 रुपये) देकर एक्सप्रेस सुरक्षा जांच और त्वरित क्लियरेंस की सुविधा प्राप्त कर सकता है। समर्थकों का तर्क है कि यह कोई फ्री कल्चर नहीं बल्कि एक वैध व्यवसायिक सेवा है, जिसे करीना ने संभवतः खरीदा होगा। कुछ उपयोगकर्ताओं ने यह भी कहा कि जब राजनेताओं या क्रिकेटरों को ऐसी सुविधाएं मिलती हैं, तब कोई विरोध नहीं होता, लेकिन एक अभिनेत्री के मामले में समानता की बात उठाना गलत है।

इस विवाद ने देश में कतार संस्कृति और सेलिब्रिटी सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ समर्थकों का मानना है कि सेलिब्रिटी अक्सर भीड़ और सुरक्षा कारणों से आम कतारों से बचते हैं। फिलहाल इस पूरे विवाद पर करीना कपूर खान की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यह घटना एक बार फिर भारत में सार्वजनिक स्थलों पर मिलने वाली विशेष सुविधाओं और आम जनता की उनके प्रति धारणा के बीच के बड़े अंतर को उजागर करती है।

# महिला आरक्षण विधेयक: कांग्रेस ने जारी किया निर्देश, सभी रहें विशेष सत्र में उपस्थित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला आरक्षण विधेयक में परिसीमन समेत अन्य सियासी मसाला लपेटने की कोशिश अगर चुनावी बेला में सरकार की तरफ से की जाएगी तो विपक्ष अपनी लामबंदी से घेरने को तैयार है। इसको ध्यान में रखते कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा में अपने सभी सांसदों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। इस व्हिप के तहत पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य 16, 17 और 18 अप्रैल (गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार) को सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और पार्टी के रुख के अनुसार मतदान करेंगे।



उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा से यूपीए सरकार के समय ही पारित हो गया था। लोकसभा में साथी दलों समेत अन्य दलों के विरोध के चलते पारित नहीं कराया जा सका था। राजद, सपा, जदयू समेत विरोध करने वाले दलों के नेता महिला आरक्षण में एससी, एसटी, ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की मांग को लेकर बेहद मुखर थे। अब विधेयक का प्रारूप क्या होगा, विपक्षी दलों की रणनीति उसी आधार पर फ्लोर टेस्ट में बदलेगी।

कांग्रेस संसदीय दल के चीफ व्हिप से जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि इन तीन दिनों के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में महिला आरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और मतदान प्रस्तावित है। ऐसे में सभी सांसदों की उपस्थिति सुनिश्चित करना पार्टी के लिए अत्यंत आवश्यक है। व्हिप में सांसदों को सुबह 11:00 बजे से सदन की कार्यवाही शुरू होने से लेकर स्थगन तक मौजूद रहने के लिए कहा गया है। पार्टी नेतृत्व ने अपने निर्देश में यह भी रेखांकित किया है कि किसी भी परिस्थिति में अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी और सभी सांसदों को बिना किसी चूक के पार्टी लाइन का समर्थन करना होगा। इस निर्देश को अत्यंत महत्वपूर्ण श्रेणी में रखा गया है, जो इसकी गंभीरता को दर्शाता है। इस घटनाक्रम के बाद लोकसभा की आगामी कार्यवाही पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, जहां महिला विधेयक और प्रस्तावों पर तीखी बहस और निर्णायक मतदान होने की संभावना है।

### क्या होता है तीन लाइन का व्हिप?

तीन लाइन का व्हिप संसद में जारी होने वाला सबसे सख्त निर्देश माना जाता है। इसके तहत संबंधित पार्टी के सांसदों के लिए सदन में उपस्थित रहना और पार्टी के निर्देशानुसार मतदान करना अनिवार्य होता है। यदि कोई सांसद इसका उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें सदस्यता समाप्ति तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि तीन लाइन व्हिप का जारी होना इस बात का संकेत है कि सदन में होने वाले मतदान बेहद अहम हैं और सरकार तथा विपक्ष दोनों के लिए राजनीतिक रूप से निर्णायक साबित हो सकते हैं। ऐसे में पार्टी अपने सांसदों की पूर्ण उपस्थिति और एकजुटता सुनिश्चित करना चाहती है।

## कल्याण में भीषण सड़क हादसा : डंपर और कार की सीधी भिड़ंत में मरने वालों की संख्या हुई 11

मुंबई। महाराष्ट्र के कल्याण इलाके में सोमवार को हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अस्पताल में उपचार के दौरान दो और घायलों द्वारा दम तोड़ने के बाद प्रशासन ने इस आंकड़े की पुष्टि की। यह भीषण दुर्घटना कल्याण-मुरबाड मार्ग पर रायता पुल के पास सुबह करीब 11 बजे हुई, जब एक तेज रफ्तार कार और मिक्सर डंपर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, कार कल्याण से मुरबाड की ओर जा रही थी, जिसमें क्षमता से अधिक कुल 12 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान तीन अन्य लोगों ने भी दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों का कुल आंकड़ा 11 पहुंच गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नेशनल हाईवे 61 पर हुआ यह हादसा बेहद दुखद है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और घायलों को बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही टिटवाला पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराने के साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# तमिलनाडु चुनाव प्रचार में एआई का इस्तेमाल, डिजिटल अवतार में वोट मांग रहे विजय

**-चुनाव आयोग ने चार दिनों तक इस टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की दी इजाजत**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार जोरों शोरों से जारी है। इस बीच चुनाव प्रचार में एक उम्मीदवार ने एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। दरअसल कुंभकोणम में तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के एक उम्मीदवार ने होलोग्राफिक एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके, चुनावी रैलियों में पार्टी अध्यक्ष विजय की असली जैसी बड़ी और जीवंत छवि दिखाई, जिससे कई कार्यक्रमों में उनकी गैर-मौजूदगी की भरपाई हो जा रही है। राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है, और विजय कई चुनावी कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में उम्मीदवार मतदाताओं का जुड़ाव बनाए रखने के लिए दूसरे तरीके ढूंढ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच टीवीके के तंजावुर पूर्वी जिले के सचिव और कुंभकोणम से चुनाव लड़ रहे 32 साल के विनोद रवि ने इस एआई टेक्नोलॉजी हैक का इस्तेमाल किया। जानकारी के मुताबिक यह सिस्टम उन्होंने कामा टेक्नोलॉजीज से लिया है, जिसका रोजाना का किराया 50,000 रुपए है। रवि ने कहा कि चुनाव आयोग ने मुझे चार दिनों तक इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। इससे मुझे बहुत ज्यादा जोश और आत्मविश्वास महसूस होता है, मानो हमारे थलापति मेरे ठीक बगल में खड़े होकर सीधे लोगों से बात कर रहे हों।

बता दें चुनावी वाहन पर लगा यह सिस्टम दृष्टि की निरंतरता के सिद्धांत पर आधारित होलोग्राफिक प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है। इसमें एक प्रोजेक्शन फैन डिस्प्ले, तेज रफ्तार वाली मोटरें और एक सिंक्रोनाइज्ड ऑडियो सिस्टम लगा है, जिसे वाहन का जेनरेटर बिजली देता है।

यह सेटअप विजय की सिर से लेकर पैर तक की एक बहुत ही असली जैसी 3डी छवि बनाता है। इसे देखकर लगता है कि वे वाहन की छत से बाहर खड़े होकर लोगों की भीड़ को सीधे संबोधित कर रहे हैं। यह सिस्टम विजय के पुराने भाषणों की ऑडियो के साथ सिंक्रोनाइज्ड होता है, जिससे लगता है कि वे चुनावी वाहन से सीधे भाषण दे रहे हैं।

# नोएडा हिंसा विकास को बाधित करने की साजिश, इसमें हो सकता है पाक कनेक्शन : राजभर

**अराजकता और उग्र प्रदर्शन किसी भी समस्या का समाधान नहीं**

**नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को नोएडा में हुई श्रमिक हिंसा को राज्य के विकास को बाधित करने की एक सुनियोजित साजिश बताया है। यह बवाल वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुआ था, जहां आगजनी और पथराव से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा गया। हाल ही में मेरठ और नोएडा से पकड़े गए चार संदिग्ध आतंकियों के तार पाकिस्तान से जुड़े होने के कारण एजेंसियां अब इस हिंसा में बाहरी ताकतों की भूमिका की जांच कर रही है। सीएम के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर बातचीत के जरिए स्थिति को सामान्य बनाने और मजदूरों की समस्याओं को सुलझाने में जुटे हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि यह घटना महज एक विरोध प्रदर्शन नहीं है। हाल के दिनों में मेरठ और नोएडा से चार संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई है, जिनके हैंडलर पाकिस्तान में बैठे थे। इस पृष्ठभूमि में राज्य में अस्थिरता पैदा करने की साजिश की आशंका को बल मिलता है। मंत्री ने अंदेशा जताया कि इस अशांति का मकसद मुजफ्फरनगर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बाधा डालना भी हो सकता था।

बता दें वेतन वृद्धि की मांग कर रहे फैक्ट्री मजदूरों का प्रदर्शन देखते ही देखते हिंसक हो गया था। नोएडा के फेज-2, सेक्टर 60, 62 और 84 में उपद्रवियों ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया और जमकर तोड़फोड़ की। पत्थरबाजी की घटनाओं के कारण प्रमुख रास्तों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। राजभर ने स्पष्ट किया कि अराजकता और उग्र प्रदर्शन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं और सरकार मजदूरों की हर जायज बात सुनने को तैयार है। मंत्री ने श्रमिकों से किसी भी तरह के बहकावे या उकसावे में न आने की अपील की है।

# होर्मुज संकट के बीच चीन ने श्रीलंका को दिया दगा, भारत ने की आपातकालीन मदद

**-भारत को पीएलसी में 51फीसदी नियंत्रक की हिस्सेदारी देकर अहसान चुका रहा श्रीलंका**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होर्मुज संकट में जब चीन ने ईरान के साथ दोस्ती का ढोंग रचा और श्रीलंका से दगा किया तब भारत ने श्रीलंका का हाथ थाम लिया। ईंधन की कमी, आर्थिक दबाव और ऊर्जा संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत ने आपातकालीन मदद पहुंचाई। अब श्रीलंका इस अहसान का बदला चुकाने जा रहा है। भारत की प्रमुख रक्षा शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में 51 फीसदी नियंत्रक हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह सौदा एमडीएल का पहली अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण है, जिसकी कीमत 26.8 मिलियन डॉलर यानी करीब 249.5 करोड़ रुपए है। मुंबई स्थित इस डिफेंस पीएसयू ने 9 अप्रैल को जारी बयान में कहा था कि इस डील से श्रीलंका का सबसे बड़ा शिपयार्ड अब उसके परिचालन नियंत्रण में आ गया है। यह सौदा जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड से शेयर खरीदकर पूरा हुआ है। यह अधिग्रहण सिर्फ व्यापारिक नहीं, बल्कि जियो पॉलिटिक्स के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

चीन श्रीलंका में हम्बनटोटा बंदरगाह पर 99 साल का पट्टा ले चुका है और कोलंबो में नियमित रूप से अपने नौसैनिक जहाज खड़े कर रहा है। भारतीय हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती पैठ को देखते हुए दिल्ली इस अधिग्रहण को अपने समुद्री विस्तार रणनीति का हिस्सा बता रही है। रिपोर्ट के मुताबिक एमडीएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (रिटायर्ड) कैप्टन जगमोहन ने कहा कि एमडीएल द्वारा सीडीपीएलसी का अधिग्रहण हमारे दोनों संगठनों के लिए ही नहीं, बल्कि भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग के लिए मील का पत्थर है।

ईरान की अमेरिका-इजराइल से जंग के दौरान होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। श्रीलंका जैसे छोटे देश ईंधन संकट, महंगाई और आर्थिक दबाव से जूझ रहे थे, जबकि चीन ने ईरान के साथ संबंधों का दावा किया, लेकिन व्यावहारिक रूप से श्रीलंका को तत्काल राहत नहीं दी। इसके उलट भारत ने श्रीलंका को डीजल और अन्य ईंधन की इमर्जेंसी सप्लाई की। पड़ोसी पहले सिद्धांत के तहत नई दिल्ली ने श्रीलंका का साथ दिया, जिससे कोलंबो में आर्थिक स्थिरता बनी रही। अब यह अधिग्रहण उस सहायता का प्रत्युत्तर माना जा रहा है।

यह डील भारत की समुद्री अमृत काल विज़न 2047 के अनुरूप है, जिसके तहत देश को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाने का लक्ष्य है। एमडीएल जैसी कंपनियां अब विदेशों में पैर पसार रही हैं, जिससे भारतीय जहाज निर्माण और रिपेयर क्षमता बढ़ेगी। विश्लेषकों का मानना है कि मुख्य शिपिंग



रूट्स पर कोलंबो डॉकयार्ड की रणनीतिक स्थिति भारत को हिंद महासागर में मजबूत पकड़ देगी और चीन की 'स्ट्रिंग ऑफपर्ल्स' रणनीति को प्रभावी चुनौती मिलेगी। श्रीलंका के लिए भी यह फायदेमंद साबित होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com